द रेड स्टार न्यूज
को अनुभवी संवाददाता एवं प्रतिनीधि की आवश्यकता है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली में एक साथ प्रसारित...

# द रेड स्टार न्यूज़

आपका अधिकार खबरों के रूप में

RNI. NO. MAHHIN/2010/35947 website : www.theredstarnews.com P.RN.NO.:THW/156/2018-2020

मानव अधिकार से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान एवं सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
मानवाधिकार फाउंडेशन
Mob.: 9987585870
Email: nhrf_india@yahoo.com

संपादक- विनोद कुमार सिंह वर्ष- 14 अंक- 27 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त 31 मई से 06 जून 2023 पेज-8 ₹ 2/-

# ऑपरेशन मणिपुर

## सुरक्षा बलों का सीक्रेट मिशन जारी

**नई दिल्ली,** मणिपुर को लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट चौंकाने वाली है, इसलिए शाह के साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, गृह सचिव अजय भल्ला, आईबी निदेशक तपन डेका और दूसरे कई वरिष्ठ अधिकारी मणिपुर पहुंचे हैं। असम राइफल और सीआरपीएफ के भी कई बड़े अधिकारी मणिपुर में हैं...
चार सप्ताह से हिंसा की लपटों में घिरे 'मणिपुर' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बैठकें कर रहे हैं। अमित शाह के ऑपरेशन 'मणिपुर' का पहला चरण खत्म होने वाला है। इसके बाद दूसरा और तीसरा चरण शुरू होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि केंद्रीय गृह मंत्री एक साथ किसी राज्य में तीन-चार दिन तक रहें हों। चूंकि मणिपुर को लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट चौंकाने वाली है, इसलिए शाह के साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय,गृह सचिव अजय भल्ला, आईबी निदेशक तपन डेका और दूसरे कई वरिष्ठ अधिकारी मणिपुर पहुंचे हैं। असम राइफल और सीआरपीएफ के भी कई बड़े अधिकारी मणिपुर में हैं। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर में मैदान और पहाड़ी क्षेत्रों में हिंसा करने वाले उपद्रवी एक साथ नपेंगे। इस बाबत एक 'सीक्रेट एक्शन' शुरू किया गया है। इसमें उपद्रवियों की गिरफ्तारी के अलावा उनके द्वारा लूटे गए हथियारों की बरामदगी करना, सुरक्षा बलों का पहला काम होगा। सोमवार को मणिपुर में पहुंचने के बाद शाह ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रिमंडल में उनके सहयोगी, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इससे पहले उन्होंने



मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की थी। 'कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी' ने शाह के दौरे को एक सकारात्मक कदम बताया था। मंगलवार को शाह ने राजधानी इंफाल में महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की है। वे विभिन्न जातीय समुदायों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। सूत्रों का कहना है कि शाह को मानचित्र के जरिए मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी एक बैठक करेंगे। इसमें सेना, असम राइफल, आईबी, सीआरपीएफ व राज्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के पदाधिकारियों के साथ भी गृह मंत्री की बैठक तय की गई है। केंद्र और मणिपुर सरकार ने जातीय हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। साथ ही मृतकों के परिवार में किसी एक सदस्य को नौकरी देने की भी बात कही गई है। ऐसी संभावना भी है कि शाह, मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों से भी बात करेंगे। हालांकि कुकी समुदाय के कुछ प्रतिनिधि शाह के दौरे से खुश नहीं हैं। संभव है कि वे बातचीत में शामिल न हों। जिन उग्रवादी संगठनों ने सरकार के साथ समझौता कर सरेंडर किया था, वे भी गृह मंत्री से मिल सकते हैं।

## कंबोडिया के राजा को राष्ट्रपति भवन में मिला गार्ड ऑफ ऑनर



**नई दिल्ली,** कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। कंबोडिया के राजा को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। सिहामोनी सोमवार को भारत के नई दिल्ली पहुंचे हुए हैं। उनकी यह यात्रा भारत और कंबोडिया के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने की 70वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में हो रही है। दोनों देशों के बीच वर्ष 1952 में कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। इस दौरान मंगलवार को कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी राष्ट्रपति मुर्मू से मिले। बाद में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री सहित कई गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की। वहीं इस मौके पर राष्ट्रपति भवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया। मंत्रियों से मुलाकात करने के बाद कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी ने राजघाट पर महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि कंबोडिया के राजा एचएम नोरोडोम सिहामोनी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमारे राष्ट्र गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं, और हम अपनी दोस्ती और सहयोग को और भी मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। उनकी यात्रा भारत-कंबोडिया में एक नया अध्याय चिह्नित करे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की।

## लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग रोकें -जयशंकर



**नई दिल्ली,** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भारत दौरे पर आए ब्रिटिश मंत्री लार्ड तारिक अहमद से ब्रिटेन में भारत के राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने को कहा। विदेश राज्य मंत्री लार्ड अहमद (राष्ट्रमंडल और विकास मामलों) के साथ एक बैठक के दौरान जयशंकर के दावे खालिस्तान समर्थकों द्वारा मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की पृष्ठभूमि के खिलाफ थे। जयशंकर ने ट्विटर पर इसे साझा किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोमवार को कहा आज नई दिल्ली में ब्रिटेन के एमओएस लार्ड तारिक अहमद से मुलाकात की, हमारे राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने के दायित्व को रेखांकित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अप्रैल में ब्रिटेन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लंदन में भारतीय मिशन पर हमले के मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यात्रा पर आए विदेश राज्य मंत्री (राष्ट्रमंडल व विकास मामले) के साथ मुक्त व्यापार समझौते और दक्षिण एशिया से लेकर हिंद-प्रशांत और जी20 तक कई मुद्दों पर चर्चा की। मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भारत और ब्रिटेन के बीच नौ दौर की बातचीत हो चुकी है। भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से एक एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य एक व्यापक समझौते की दिशा में है.

## रूस ने यूक्रेन पर लगाया आतंकी हमले का आरोप

### हमने नहीं किया पर देखकर खुशी हुई

रूस की राजधानी मॉस्को में 2 बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला किया गया है। रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन अटैक करने का आरोप लगाया है। इसमें अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि कीव ने करीब 8 ड्रोन से आतंकवादी हमला किया है। सभी ड्रोन्स को मार गिराया गया है। दोनों बिल्डिंग में रह रहे नागरिकों को फिलहाल वहां से हटा दिया गया है। मेयर सर्गेई सोबयानिन ने हमले की पुष्टि की है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रूस पर हमले में 30 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। रूसी मीडिया के मुताबिक 3 ड्रोन्स रूस के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए अपना नियंत्रण खो बैठे और टारगेट खो बैठे। इसके अलावा बाकी 5 ड्रोन्स को जमीन से हवा में मार करने वाली पैंट्सिर-एस मिसाइल से मार गिराया गया। हमले को लेकर यूक्रेन में जेलेंस्की के एडवाइजर और नेता मिखाइल पोडलैक ने कहा- इस हमले में यूक्रेन का कोई हाथ नहीं था। लेकिन हमें इसे देखने में बहुत खुशी मिली। हम उम्मीद करते हैं कि आगे इस तरह के ज्यादा से ज्यादा हमले होंगे। वहीं, सोमवार को यूक्रेन के सैन्य प्रमुख जनरल किरिलो बुडानोव ने कीव पर रूसी मिसाइल हमलों का जवाब



देने की चेतावनी दी थी। वहीं रूसी सांसद मैक्जिम इवानोव ने कहा- दूसरे विश्व युद्ध के बाद रूस पर पहली बार इतना बड़ा हमला हुआ है। यही अब नई सच्चाई है और कोई भी नागरिक अब इसे इंग्नोर नहीं कर सकता है। रूस में इंटेलिजेंस के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर हमले की जांच कर रहे हैं। इससे पहले 3 मई को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के घर क्रेमलिन पर 2 ड्रोन से अटैक किया गया था। दोनों ड्रोन क्रेमलिन के डोम पर क्रैश हुए थे। हालांकि, हमले के वक्त पुतिन वहां मौजूद नहीं थे। अटैक के बाद रूस ने कहा था- हम इसे आतंकी हमला मानते हैं। यह प्रेसिडेंट को जान से मारने की साजिश थी। रूस के पास इस हमले का जवाब देने का अधिकार है।

## कुकी विद्रोहियों को मिलिटेंट कहने पर विवाद

**मणिपुर** के सीएम एन बीरेन सिंह ने रविवार को बताया कि नागरिकों को निशाना बनाने वाले 40 कुकी मिलिटेंट मारे गए हैं। इससे पहले उन्होंने एक बयान में इन्हें आतंकवादी बताया। इसके बाद से बहस चल पड़ी है कि नॉर्थ-ईस्ट में हथियार उठाने वाले मिलिटेंट हैं, उग्रवादी हैं या विद्रोही हैं। आमतौर पर इनको लेकर भारतीय या अंतरराष्ट्रीय कानून में स्पष्ट परिभाषा नहीं है। दुनिया में आतंकवादी या आतंकवाद की कोई एक परिभाषा नहीं है। इसे लेकर लंबे समय से विवाद है। भारत हमेशा से संयुक्त राष्ट्र से पूरी दुनिया में मानी जाने वाली परिभाषा बनाने की मांग कर रहा है। आतंकवादियों के साथ आम लोग नहीं होते। एक नेता की अगुआई में इनका समूह होता है। इन्हें बाहरी एजेंसियों से पैसा और समर्थन मिलता है। कई देश भी आतंकवादियों का सपोर्ट करते हैं। आतंकवाद शब्द का शुरुआती जिक्र पहली शताब्दी ईसा पूर्व में मिलता है। उस वक्त यहूदा में रहने वाला एक समूह रोमन साम्राज्य के समर्थकों की हत्या करता था।

## कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के सामने रखीं 12 मांगें

**दिल्ली,** अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के दौरान मरने वालों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं, मणिपुर की स्थिति को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति बहाली के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर हिंसा की खबरें आ रही हैं। इस हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है। जहां आज सरकार ने पीड़ित परिवारों के दुख पर मरहम लगाने के लिए मुआवजे का एलान किया है। तो वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन की मांग की। मणिपुर की स्थिति को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। वहीं, कांग्रेस नेता ने बताया कि मणिपुर के बिगड़ते हालात को काबू लाने के लिए उन्होंने मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। नेता ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें रखी हैं। वहीं, अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि केंद्र और मणिपुर राज्य सरकार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के दौरान



मरने वालों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही, दंगे में मरने वालों के परिवार के एक सदस्य को भी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुआवजे की राशि केंद्र और राज्य सरकार समान रूप से वहन करेगी। वहीं अधिकारियों ने बताया कि अफवाहों की वजह से राज्य में लगातार हिंसा बढ़ी है। जब भी शांति का माहौल बनता है तो कोई न कोई गलत जानकारी देकर अशांति फैला देता है। इसलिए अब अफवाह फैलाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए एक टेलिफोन नंबर भी जारी करने का फैसला लिया है। बता दें, सोमवार देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के बीच हुई बैठक में मुआवजे देने का फैसला लिया गया।

## PMLA की वैधता को चुनौती?

**दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में पीएमएलए की वैधता को चुनौती देने की आड़ में जमानत मांगने की प्रवृत्ति की निंदा की है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने मंगलवार को इसकी निंदा करते हुए कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली ऐसी याचिकाएं दायर करना और परिणामी राहत की प्रक्रिया में अन्य उपलब्ध कानूनी उपायों को दरकिनार करना है। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला मामले में जांच का सामना कर रहे लोगों द्वारा दायर याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि अदालत विजय मदनलाल के फैसले के बावजूद धारा 15 और 63 और पीएमएलए के अन्य प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली धारा 32 के तहत इस अदालत में रिट याचिकाएं दायर करना एक प्रवृत्ति बन गई है। जिन पर राहत भी दी गई है। लेकिन याचिकाकर्ता ऐसे मामलों के निपटारे के लिए उन मंचो से किनारा कर रहे हैं, जो उनके लिए खुले हैं। वे सीधे यहां आ जा रहे हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि शीर्ष अदालत एक वैकल्पिक मंच बनता जा रहा है। हाई कोर्ट जाने और वहां के कानून के प्रावधानों को चुनौती देने के बजाय आरोपी सुप्रीम कोर्ट में सम्मन का विरोध कर रहे हैं। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने मदनलाल फैसले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तारी, मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों को बरकरार रखा था।

## अध्यादेश पर रार!

**नई दिल्ली,** दिल्ली में अधिकारियों की पोस्टिंग, ट्रांसफर के मुद्दे पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल विभिन्न नेताओं से समर्थन मांग रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को केजरीवाल ने सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी से मुलाकात की। इस दौरान आप नेता संजय यादव, राघव चड्ढा और आतिशी मर्लेना भी केजरीवाल के साथ मौजूद रहे। वहीं सीपीआई (एम) की तरफ से सीताराम येचुरी के अलावा वृंदा करात, प्रकाश करात जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक के आप संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवा ने बताया कि सीपीआई (एम) ने केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार के समर्थन का फैसला किया है। वहीं सीताराम येचुरी ने कहा कि हम केंद्र के अध्यादेश की निंदा करते हैं। यह अंसवैधानिक है, साथ ही यह कोर्ट की अवमानना भी है। हम सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस से अपील करते हैं कि वह आगे आए और संविधान को बचाए। केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ समर्थन के लिए केजरीवाल विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। सीपीआई (एम) नेतृत्व से मिलने से पहले केजरीवाल इस मुद्दे पर तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, एनसीपी चीफ शरद पवार, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मिल चुके हैं।

## अनंतनाग में आतंकियों ने एक नागरिक को मारी गोली

**जम्मू-कश्मीर,** कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने मेले में काम करने वाले दीपू नाम के व्यक्ति की हत्या की। दीपू जम्मू के उधमपुर का रहने वाला था और अनंतनाग में सर्कस मेले में काम करता था।जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में चिनाब नदी के तट पर सोमवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर 300 फीट नीचे खाई में गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति अभी लापता है। हादसा रग्गी नाला के पास बटोटे-किश्तवाड़ राजमार्ग पर हुई। SSP किश्तवाड़ अब्दुल कयूम ने कहा कि तीन शव बरामद किए गए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने बताया कि मृतक पास के बाजार में दूध खरीदने गया था. तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने रात साढ़े आठ बजे करीब से उस पर तीन गोलियां चला दीं. घायल अवस्था में उसको अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. इस हत्या की जिम्मेदारी एक अल्पज्ञात संगठन कश्मीरअल्पज्ञात संगठन कश्मीर स्वतंत्रता सेनानी ने ली है, जो प्रतिबंधित पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करता है. कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया आतंकवादियों ने उधमपुर निवासी दीपू नाम के एक नागरिक पर गोलीबारी की, जो अनंतनाग में जंगलाट मंडी के पास मनोरंजन पार्क मे निजी सर्कस मेले में काम कर रहा था. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई.

## संपादकीय

# विपक्ष ने देश की संसद से ज्यादा अपनी एकजुटता को तवज्जो दी



**संविधान** निर्माताओं ने संसद भवन को भारतीय लोकतंत्र का पवित्र स्थान मानते हुए जिस संविधान का गठन किया था, उस वक्त उन्हें भी इस बात का अंदाजा नहीं होगा कि यह भवन देश के अमन और तरक्की के रास्ते पर चलते हुए विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों पर चलने की बजाय राजनीति का शर्मसार करने वाला अखाड़ा बन जाएगा। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता के विवाद और अब संसद की नई इमारत सत्ता पक्ष और विपक्ष में फजीहत का कारण बन गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष में नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर आई कड़ुवाहट से विश्व में भारत की छवि प्रभावित हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी टकराहट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले विपक्षी दलों पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के कारण भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। हालांकि इस मुद्दे पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी, किन्तु भाजपा और विपक्षी पार्टियों में तल्खी और बढ़ गई। नये संसद भवन को लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है जो कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष ने नई संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया, इस बहिष्कार में भी कई दलों में एकता दिख रही है, दरअसल विपक्ष अलग-अलग मुद्दों के जरिए 2024 के चुनाव में एकजुट होकर बीजेपी की ओर चुनावी तीर चलाना चाहता है। यह नया संसद भवन सरकार और विपक्ष के बीच कटुता की एक नई इमारत के रूप में खुल रहा है। ऐसे संकेत हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव तक यह दरार और चौड़ी हो सकती है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समूचा विपक्ष राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से उद्घाटन कराने पर जोर देते हुए समारोह के बहिष्कार पर अड़ा रहा। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा कि आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। महामहिम राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया कि नए संसद भवन का राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए, न कि पीएम को।' गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के बहिष्कार को लेकर कहा कि आप इसे राजनीति के साथ मत जोड़िये। सब अपने विवेक के हिसाब से काम कर रहे हैं। भाजपा ने भी कांग्रेस और दूसरे राज्यों की सरकारों के समय हुए ऐसे उद्घाटनों की फेहरिस्त गिनाई है, जिनमें राष्ट्रपति या राज्यपाल को आमंत्रित नहीं किया गया। नए संसद भवन का पीएम मोदी से उद्घाटन को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया।

# तेजी से विकराल रूप लेती जा रही है पार्किंग की समस्या!

**भले** ही यह बात थोड़ी अजीब अवश्य लगे पर अब शहरों में निजी चौपहिया वाहनों की पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। यह भी सही है कि यह समस्या केवल और केवल हमारे महानगरों की ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों के सामने तेजी से विस्तारित होती जा रही है। दुनिया के देश चौपहिया वाहनों की पार्किंग समस्या से दो चार हो रहे हैं और इस समस्या के समाधान के लिए अनेक विकल्पों पर मंथन कर रहे हैं। यहां तक की पार्किंग शुल्क से अच्छी खासी आय होने लगी है। अकेले भारत की ही बात करें तो देश में करीब पांच करोड़ कारें चलन में हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार दिल्ली में उपलब्ध कारों की पार्किंग के लिए ही चार हजार से अधिक फुटबाल के मैदानों जितनी जगह की आवश्यकता है। अगर दिल्ली की ही पार्किंग से आय की बात करें तो यह कोई 9800 करोड़ से अधिक की हो जाती है। देश के किसी भी कोने में किसी भी शहर की गलियों में निकल जाएं तो देखेंगे कि गलियों में घरों के बाहर सड़क की आधी जगह तो कारों के पार्किंग से ही सटी होती हैं। यानी कि एक ही घर में एक से अधिक कार/वाहन होना अब आम होता जा रहा है। किसी भी शहर में ऑफिस या बाजार खुलने बंद होने के समय तो जाम लग जाना आम होता जा रहा है। यह सब तो तब है जब देश में आबादी की तुलना में यह माना जा रहा है कि कारों की संख्या कम है। आने वाले सालों में कारों की संख्या में इजाफा ही होगा। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। यातायात के हालात यह होते जा रहे हैं कि कई बार तो चंद कदमों की दूरी पार करने में ही लंबा समय लग जाता है। दरअसल इस सबके अनेक कारणों में उपनगर विकसित करने पर ध्यान नहीं देना, व्यस्ततम स्थानों पर ही बहुमंजिला इमारतें बनाने की छूट देना, शहरी सार्वजनिक यातायात तंत्र का विकसित नहीं होना, वाहनों की खरीद सहज होना और वाहनों की पार्किंग के लिए दूरगामी योजना का अभाव होना भी शुमार हैं। अब तो हालात यहां तक होने लगे हैं कि पार्किंग को लेकर झगड़ा या यों कहें कि जानलेवा विवाद होना तक आम होता जा रहा है। रोडरेज की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी हैं। दरअसल चौपहिया वाहनों की जिस तरह से सुगम ऋण सुविधा व पैसों के तेजी से बढ़ते प्रवाह के कारण सहज पहुंच हुई है उसका एक सकारात्मक परिणाम यह सामने आया है कि जिस तरह से अमीर गरीब सभी के लिए मोबाइल आम होता जा रहा है ठीक उसी तरह से चौपहिया वाहन आम होता जा रहा है। जहां तक पैसों वालों का प्रश्न है तो उनके घरों में एक से अधिक वाहन होना तो सामान्य बात है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि थोड़ी-सी भी अच्छी माली हालत वाले लोग अब महंगी और एसयूवी वाहनों की ओर शिफ्ट करते जा रहे हैं। किसी भी शहर की गलियों में आधा फुटपाथ तो वाहनों की पार्किंग के कारण ही देखा जा सकता है। लोगों की सोच या डिमांड में भी अंतर आया है और अब लोग छोटी कार लेना पसंद ही नहीं करते। नैनो जैसी छोटी कार के परिणाम हमारे सामने हैं। घर में जगह नहीं होने के कारण सड़कों पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की मानें तो 2050 तक दुनिया के देशों में केवल और केवल कारों की पार्किंग के लिए ही 80 हजार वर्ग किलोमीटर स्थान की आवश्यकता होगी। यानी कि इतनी जगह कि छोटा मोटा देश आसानी से इस जगह में समा सके। हालांकि पुराने कबाड़ को लेकर दुनिया के देशों की सरकारें योजनाएं बना रही हैं पर यह भी अपने आप में एक समस्या बनती जा रही है। खैर इस पर अलग से बहस हो सकती है। पर सवाल वहीं का वहीं है कि कार कारोबार में अभी तेजी आनी ही है। ऐसे में शहरी विकास संस्थाओं और योजना नियंताओं को निजी कारों की पार्किंग को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करनी ही होगी। मजे की बात यह है कि अब कार बाजार इलेक्ट्रिक कारों में शिफ्ट होता जा रहा है, ऐसे में चार्जिंग स्टेशनों के लिए भी जगह तलाशनी ही होगी। क्योंकि देर सबेर कारों का यह कारोबार ईवी में ही शिफ्ट होना है। यदि पार्किंग स्थलों पर ही चार्जिंग की व्यवस्था होगी तो समस्या का थोड़ा समाधान देखा जा सकेगा। दरअसल अब समय आ गया है जब किराए के मकानों की तरह किराए के पार्किंग स्थल बनाए जाएं और वहीं पर कारों से संबंधित आवश्यक आवश्यकताओं की भी पूर्ति हो सके। जैसे हवा-पानी, सामान्य रिपेयर, साफ-सफाई, चार्जिंग आदि की सुविधाएं हो। इस तरह की पेड पार्किंग स्थानों पर ऑटोमेटिक बहुमंजिला पार्किंग व्यवस्था हो तो स्थिति और भी अधिक सुविधाजनक हो सकती है। बहु मंजिला इमारतों और माल्स में भी पार्किंग की अधिक सुविधा होना समय की मांग हो गई है।

**देश में आबादी की तुलना में यह माना जा रहा है कि कारों की संख्या कम है। आने वाले सालों में कारों की संख्या में इजाफा ही होगा। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। यातायात के हालात यह होते जा रहे हैं कि कई बार तो चंद कदमों की दूरी पार करने में ही लंबा समय लग जाता है।**



# 1.53 करोड़ की हेरोइन जब्त



**आइजोल,** नशा तस्करों के खिलाफ देश भर में छेड़ी गई मुहिम के अंतर्गत पुलिस विभिन्न जगहों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में, मिजोरम के वेंगथलंग इलाके से 1.53 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद होने की खबर सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल ने एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस को मिले एक विशेष इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, असम राइफल्स और आइजोल में विशेष नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को रिपब्लिक वेंगथलंग क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया था। सही जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के हाथों दो महिला तस्कर चढ़ गईं। बात दें कि पुलिस ने 28 और 26 साल वर्ष की दो महिला पेडलर्स के कब्जे से 1.53 करोड़ रुपये मूल्य की 306 ग्राम हेरोइन जब्त की। आपको बता दें कि दोनों महिला तस्करों ने बड़ी ही होशियारी से हेरोइन को 22 साबुन की पेटियों में छुपा कर रखा गया था। बयान में कहा गया है कि जब्त मादक पदार्थ और दोनों आरोपियों को उसी दिन आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए विशेष नारकोटिक पुलिस स्टेशन सीआईडी (अपराध) को सौंप दिया गया।

# सुहागरात मनाकर खिलाता था गर्भनिरोधक गोलियां

**नई दिल्ली,** महिलाओं को लेकर राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की की सनसनीखेज हत्या ने पूरे देश का दिल दहला दिया है। कहते हैं कि समाज में जो होता है, फिल्में उसका आईना होती हैं। पर्दे पर कई बार ऐसी घटनाएं और किस्से दिखाए जाते हैं, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित होते हैं। वहीं फिल्मों में दिखाया जाने वाला खून-खराबा आज के समय में काफी बढ़ गया है। माना जाता है कि साइनाइड मोहन ने कम से कम 20 युवतियों की हत्या की थी। हालांकि, पीड़ितों की सही संख्या इससे भी अधिक हो सकती है, क्योंकि कुछ मामले अनसुलझे या अज्ञात रहे। सुनंदा नाम की एक पीड़िता की मौत की जांच के बाद मोहन का राक्षसी चेहरा दुनिया के सामने आया। कर्नाटक पुलिस द्वारा व्यापक जांच के बाद 2009 में मोहन को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया था। उसकी गिरफ्तारी से उसके आपराधिक गतिविधियों का खुलासा हुआ और कई पीड़ितों की पहचान हुई। मुकदमे के दौरान, पीड़ित की पहचान, फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों की गवाही जैसे सबूत पेश किए गए, जिससे उसका अपराध साबित हुआ। 17 दिसंबर, 2013 को साइनाइड मोहन को कर्नाटक के मंगलुरु में तीसरे अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय ने कई महिलाओं के बलात्कार, हत्या और डकैती के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने उसे उसके जघन्य अपराधों के लिए मौत की सजा सुनाई। इसके बाद, उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय में फैसले की अपील की, लेकिन 2017 में उनकी अपील खारिज कर दी गई। आपको बता दें कि मोहन कुमार अपना केस खुद ही लड़ रहा था।

# न्यायिक अधिकारियों की छवि खराब नहीं कर सकता-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** सोशल मीडिया का उपयोग करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं किया जा सकता है। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के द्वारा जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए एक व्यक्ति को 10 दिनों की जेल की सजा सुनाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए की। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि आपको एक अनुकूल आदेश नहीं मिला है, आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकते। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ केवल कार्यपालिका से ही नहीं बल्कि बाहरी ताकतों से भी स्वतंत्रता है। यह दूसरों के लिए भी एक सबक होना चाहिए। न्यायिक अधिकारी पर कोई भी आक्षेप करने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए था।

# चुनाव आयोग ने राज्यों को वोटर लस्टि अपडेट करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली,** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए नए सिरे से विशेष संक्षिप्त समीक्षा करने को कहा है। आयोग ने 24 मई को पांचों मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लिखे पत्र में कहा है कि इन राज्यों में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उसने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रविधानों का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले योग्यता तिथि के संदर्भ में मतदाता सूची को संशोधित किया जाना चाहिए। कहा गया है कि एक अक्टूबर 2023 को या उससे पहले 18 वर्ष के होने वाले अधिक से अधिक योग्य नागरिकों के पंजीकरण और मतदाता सूची में सुधार के उद्देश्य से आयोग ने एक अक्टूबर, 2023 को योग्यता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का दूसरा विशेष सारांश पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

# इसरो ने लॉन्च किया नेविगेशन सैटेलाइट

**श्रीहरिकोटा,** स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बड़ा कदम बढ़ाया है। सोमवार को इसरो ने सेकेंड जनरेशन नेविगेशन सेटेलाइट एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह इस सेकेंड जनरेशन सीरीज का पहला सेटेलाइट है। इससे स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली ज्यादा सटीक हो सकेगी। एनवीएस-01 की लांचिंग नाविक (नेविगेशन विद इंडियन कान्स्टेलेशन) सर्विस की निरंतरता को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। यह अमेरिका के जीपीएस की ही तरह भारत का अपना सेटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है, जिससे रियल टाइम और सटीक नेविगेशन संभव होता है। पहले इसे इंडियन रीजनल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम (आइआरएनएसएस) के नाम से जाना जाता था। भारत ने 2007 में इसका एलान किया था। हालांकि पहला सेटेलाइट 2013 में लांच किया जा सका था। पहले चरण में सात सेटेलाइट भेजे गए थे। अब भारत दूसरे चरण के तहत सेकेंड जनरेशन सेटेलाइट लांच कर रहा है। एनवीएस-01 इसी क्रम में पहला सेटेलाइट है। इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने इस सफल प्रक्षेपण के लिए टीम को बधाई दी। इस सेटेलाइट को जीएसएलवी एफ10 राकेट से प्रक्षेपित किया गया। अगस्त, 2021 में इस प्रक्षेपण में परेशानी आई थी। क्रायोजेनिक स्टेज पर समस्या का सामना करना पड़ा था।


मालिक, मुद्रक व प्रकाशक : विनोद कुमार सिंह द्वारा एस. आर. प्रिंटिंग प्रेस, वैशाली नगर, दहिसर पूर्व, मुंबई 68 से मुद्रित किया तथा 09 विभाकों बिल्डिंग, मामलेतदार वाडी, मालाड (पश्चिम), मुंबई 400 064 से प्रकाशित.

• संपादक- विनोद कुमार सिंह • प्रबंध संपादक : मोती रहमान शेख • सहायक संपादक : सुरेश पांढरे

+91-22 28881212 मो. 9987585870
Email-editor@theredstarnews.com, info@theredstarnews.com
RNI No.: MAHHIN/2010/35947
सभी विवादों के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा.
पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.

ठाणे कार्यालय :
डी-405, ओमसाईं इंक्लेव, को.हॉ.सो. पूनम सागर, मीरा रोड ( पूर्व ), ठाणे.
संपर्क- 9987585870 / 9820361619
vinod143singh@gmail.com



मानवाधिकार फाउंडेशन
मा.अखिलेश उपाध्याय
(एडवोकेट हाईकोर्ट)
कानूनी सलाह एवं कानूनी निपटारे के लिए संपर्क करें
09, विभाको बिल्डिंग, मामलेतदार वाडी, मालाड (पश्चिम), मुंबई-400064.
मो. 9004102640-8693863320

द रेड स्टार न्यूज को
अनुभवी संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनीधि
की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

Dr.B.M.PAL
B.H.M.S., MD (AM)
PG-DCC, (GERMANY)
PHYSICIAN & CLINIC COSMETOLOGIST
SHREE SAI CLINIC
Timing: Morn. 09:30 am to 01:30 pm
Eve. 5.30 pa to 10.30
Shop No.004, Vaibhav Darshan, Near ST.THOMOS CHURCH, Sai Baba Nagar, Mira Road (E), Mob.: 9324771128

अखंड राष्ट्रवादी श्रमिक चित्रपट सेना
ए.एल.सी./ का.-17-11168
फिल्म कामगारों के हक के लिए लड़ने वाला सर्वोच्च संगठन
सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
7705858700

आवश्यकता है ...
भारत के सभी राज्यों एवं जिलों से अनुभवी पत्रकार एवं विज्ञापन प्रतिनिधि
सम्पर्क करें.
+91 9987585870

आवश्यक सूचना
पाठकों को सूचित किया जाता है कि द रेड स्टार न्यूज के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी तरह का व्यवहार करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपक कर लें.
9820361619

महादेव दूध डेरी व स्वीट हाउस
हमारे यहां सुबह-शाम दूध लिया व दिया जाता है
मिठाई, दही, देशी घी, लस्सी, सफल मटर, पनीर, छेना, मशरूम, खोवा, कोल्डड्रिंक्स, मिनरल वाटर भी मिलता है
ऑर्डर देने पर बर्थडे केक भी मिलता है

प्रो. अशोक पाल : 8756685845
पता- खोईरी इंटर कॉलेज (डिहवा) के पास, बरसठी बंधवा रोड, बरसठी, जौनपुर

# राउत का दावा...
# गिर जाएगी शिंदे सरकार



**मुंबई,** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना नेताओं की नाराजगी के संकेत पिछले कुछ दिनों से खुले तौर पर मिल रहे हैं। यहां तक कि राजनीतिक हलकों में चर्चा चल रही है कि कुछ विधायक शिंदे गुट छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें एक नाम बालाजी किणीकर का भी बताया जा रहा हैं। शनिवार को एनसीपी (राकांपा) नेता और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने दावा किया कि किणीकर किसी भी हालत में वापस 'मातोश्री' जाना चाहते है। इसी तरह उद्धव ठाकरे गुट के नेता सांसद विनायक राउत ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि 22 विधायक शिंदे गुट छोड़ने के मूड में हैं और 9 शिवसेना सांसद भी हमारे संपर्क में हैं। एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना 22 विधायक खफा हैं और ये विधायक शिंदे गुट छोड़ने का मन बना चुके हैं। जबकि 13 में से 9 सांसद भी हमारे संपर्क में हैं। सांसद भी शिंदे गुट से नाराज हो गए हैं। क्योकि काम नहीं हो रहा है, उनके साथ अपमानजनक व्यवहार हो रहा है। एकनाथ शिंदे खुद ही खुद का विनाश कर रहे है। उद्धव ठाकरे गुट के सांसद विनायक राउत ने दावा किया है कि शिंदे खेमे के विधायकों और सांसदों ने शिकायत की है कि उन्हें अहमियत नहीं मिल रही है। विनायक राउत ने दावा किया शंभू राजे देसाई ने पंद्रह दिन पहले उद्धव ठाकरे को एक संदेश भेजा था। जिसमें उन्होंने उद्धव ठाकरे से कहा कि यहां (शिंदे खेमे में) हमारा दम घुट रहा है। उद्धव गुट के सांसद राउत ने कहा कि तानाजी सावंत और गजानन कीर्तिकर भी नाखुश है। सावंत को बजट नहीं मिल रहा है। वे कह रहे हैं कि वे आग में गिर गए। बीजेपी ने अब शिंदे गुट को बदनाम करने की कोशिश शुरू कर दी है। इसी वजह से शिंदे गुट के विधायक और सांसद दुविधा में पड़ गए हैं। हालांकि राउत के इन दावों ने राजनीतिक नेताओं की भौंहें चढ़ा दी हैं। मालूम हो कि 2019 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बहुमत के बाद भी बीजेपी और शिवसेना गठबंधन सरकार बनाने में असफल रही। क्योंकि दोनों सहयोगियों में मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद हो गया था। तब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और बीजेपी का दशकों पुराना गठबंधन भी टूट गया। बाद में महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए शिवसेना ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ हाथ मिलाया और 2019 में शिवसेना राजग से भी बाहर हो गई। तीनों दलों ने महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार का गठन किया था।

# लड़की को घर में खींचकर युवक ने किया दुष्कर्म !



**मुंबई,** मुंबई के करीब ठाणे जिले के वाशी में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नवी मुंबई की वाशी पुलिस ने अपने इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़ित और आरोपी एक ही इलाके के रहने वाले है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक,यह वारदात वाशी के जुहूगांव की एक चॉल की है। मामले की जांच एपीआई सूर्यकांत मारोडे कर रहे है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोनल वाघेलाके रूप में हुई है, जो जुहूगांव इलाके में सड़क पर साड़ियां बेचता है। पुलिस ने बताया की बुधवार शाम साढ़े सात बजे के करीब जब लड़की जुहूगांव में अपनी सहेली के घर की ओर जा रही थी, जैसे ही वह आरोपी के घर के पास पहुंची, आरोपी ने उसे अपने घर के अंदर खींच लिया। इसके बाद कथित तौर पर किशोरी के साथ बलात्कार किया। आरोपी शादीशुदा बताया जा रहा है। हालांकि घटना के समय वह घर में अकेला था और उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। एक ही मोहल्ले में रहने के कारण आरोपी व पीड़ित लड़की एक-दूसरे को जानते हैं। आरोपी के चंगुल से निकलने के बाद लड़की ने अपनी आपबीती मां को सुनाई, जिसने बाद वाशी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। वाघेला पर आईपीसी की प्रासंगिक धाराओं और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने गांव भागने की तैयारी में था, लेकिन उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने आरोपी को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा है। मामले की छानबीन चल रही है।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस के सांसद बालू धानोरकर की तबीयत बिगड़ी



**मुंबई,** महाराष्ट्र के इकलौते कांग्रेस सांसद बालू धानोरकर की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया गया है। चंद्रपुर से सांसद धानोरकर को पहले नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि कांग्रेस नेता के आंत में इंफेक्शन है । जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए नागपुर से विशेष एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। बालू धानोरकर के पिता नारायणराव धानोरकर का शनिवार शाम निधन हुआ था। नारायणराव धानोरकर के पार्थिव शरीर का आज सुबह चंद्रपुर में उनके पैतृक गांव भद्रावती में अंतिम संस्कार किया गया। बालू धानोरकर कल शाम से बेचैनी महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्हें इलाज के लिए नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उनका इलाज दिल्ली के वेदांता अस्पताल में चल रहा है। अपने कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के लिए सांसद धानोरकर ने ट्वीट कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी। बालू धानोरकर ने अपने ट्वीट में कहा कहा, कल शनिवार 27 मई को नागपुर के एक निजी अस्पताल में किडनी स्टोन का ट्रीटमेंट करवाया था। लेकिन आज पेट दर्द की वजह से जांच के लिए दिल्ली के वेदांता अस्पताल जा रहा हूँ। मेरी हालत स्थिर है, कार्यकर्ता घबराएं या चिंता नहीं करें। डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक वे अगले कुछ दिनों तक जांच और इलाज कराएंगे और आराम करेंगे।

# खान के दिल्ली जाने के बाद फंसे समीर वानखेडे?



**मुंबई,** मुंबई एनसीबी (नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े का नाम पिछले कुछ दिनों से भ्रष्टाचार के आरोपों और गिरफ्तारी की तलवार लटकने के कारण सुर्खियों में है। आईआरएस अधिकारी वानखेड़े ने कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग पार्टी मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के बाद वानखेडे रातों-रात चर्चा में आ गए। हालांकि, कुछ ही महीनों में हालात बदल गए हैं और कभी आर्यन को गिरफ्तार करने वाले वानखेडे खुद गंभीर आरोपों से घिर गए। कहा जा रहा है कि एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेडे को अभी सिर्फ बॉम्बे हाईकोर्ट के संरक्षण की वजह से सीबीआई ने गिरफ्तार नहीं किया है। इस बीच, इस हाईप्रोफाइल ड्रग मामले के गवाह सैम डिसूजा ने नए आरोप लगाकर हलचल मचा दी है। जानकारी के मुताबिक, डिसूजा ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। इस याचिका में उन्होंने कहा है कि उन पर आर्यन खान मामले में अपना बयान बदलने का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं सैम डिसूजा ने आर्यन खान मामले में समीर वानखेडे की जांच करने वाली वरिष्ठ एनसीबी अधिकारी ज्ञानेश्वर सिंह की अगुवाई वाली एनसीबी विजिलेंस टीम पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। डिसूजा ने दावा किया कि बॉलीवुड किंग शाहरुख खान 7 नवंबर 2021 को दिल्ली स्थित एनसीबी के विशेष जांच दल के कार्यालय में गए थे। उस वक्त शाहरुख खान और एनसीबी के अधिकारियों के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद मुझ पर समीर वानखेडे को फंसाने का दबाव डाला गया। सैम डिसूजा ने दावा किया है कि एनसीबी अधिकारियों और शाहरुख खान के बीच हुई बैठक का गवाह खुद उसका दोस्त है। इसके बाद समीर वानखेडे को 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में फंसाने की साजिश रची गई।

# बुलेट ट्रेन परियोजना से प्रभावित किसान से 75 लाख की ठगी



**मुंबई,** मुंबई से सटे ठाणे जिले के भिवंडी में एक किसान से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भिवंडी में एक किसान से कथित रूप से 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। किसान ने शिकायत में कहा है कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए उसकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, आरोपियों ने उस जमीन का मुआवजा जल्दी दिलाने का वादा कर पैसे ऐंठे। अधिकारी ने बताया कि रेल अधिकारियों ने किसान को मुआवजे के रूप में 3.73 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। जिसके बाद आरोपियों ने किसान से संपर्क किया और 75 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने किसान से कहा कि अगर वह उन्हें पैसे देता है तो उसके खाते में मुआवजे का 50 प्रतिशत राशि तुरंत ट्रांसफर कर दी जाएगी। शांति नगर पुलिस थाने के सहायक निरीक्षक श्रीराज माली ने कहा आरोपियों ने पीड़ित से 60 लाख रुपये का चेक लिया और 15 लाख रुपये नकद भी लिए।' जब किसान को मुआवजे का पैसा नहीं मिला तो उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। हमने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और तीनों आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि महाराष्ट्र में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत, महाराष्ट्र में चार स्टेशन होंगे। जो मुंबई, ठाणे, विरार और बोइसर में होंगे। जबकि गुजरात में आठ स्टेशन- वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल है। हाल ही में बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था की हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का काम गुजरात में 32. 9 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 13.7 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन 2026 में किया जाएगा।

# छात्रा ने दी जान



**मुंबई,** महाराष्ट्र में बारहवीं की बोर्ड परीक्षा देने वाल लाखों छात्र-छात्राओं का इंतजार गुरुवार को ख़त्म हुआ, जब महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन ने एचएससी यानी 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया। हालांकि एचएससी रिजल्ट हजारों छात्रों के लिए अच्छा नहीं रहा, इसमें एक नाम नागपुर की आकांक्षा सोनबरसे का भी था। जानकारी के मुताबिक नागपुर के छीछभुवन में रहने वाली 17 वर्षीय आकांक्षा एचएससी बोर्ड परीक्षा में फेल हो गई। जिसके बाद गुरुवार को उसने अपने घर पर छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आकांक्षा ने साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। पुलिस ने कहा कि आकांशा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में तीन विषयों में फेल होने से बहुत परेशान थी और उसने अपनी आपबीती बहन को भी बतायी थी। पुलिस ने कहा बाद में जब आकांक्षा के माता-पिता काम के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे। उसका भाई भी बाहर गया था। तब नाबालिग छात्रा ने फांसी लगा ली। हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बेलतरोड़ी पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच चल रही है। मालूम हो कि महाराष्ट्र में बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 14,57,293 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में रार दिल्ली तक पहुंचा मामला

**मुंबई,** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की कार्यशैली से नाराज पार्टी नेताओं ने सीधे दिल्ली में उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल कांग्रेस आलाकमान ने कर्नाटक में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद अब महाराष्ट्र पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत दिया है। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस की अंदरुनी कलह एक बार फिर खुलकर सामने आ रही है। महाराष्ट्र कांग्रेस के बड़े नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी आलाकमान को राज्य के राजनीतिक हालात और संगठन के कामकाज की जानकारी दी। इस दौरान दावा किया गया कि अगर अब महाराष्ट्र पर ध्यान नहीं दिया गया तो पार्टी को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पार्टी का वोट बैंक धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। आने वाले समय में स्थानीय निकाय चुनाव, और फिर लोकसभा और विधानसभा चुनाव हैं।

# मौसम विभाग की भविष्यवाणी
# महाराष्ट्र में मॉनसून की देरी से होगी एंट्री



**मुंबई,** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून जिस रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, उससे यही लग रहा है कि महाराष्ट्र में इसके आने में अभी कई दिन लगेंगे। मुंबई समेत महाराष्ट्र में मानसूनी बारिश की भविष्यवाणी और आगे खिसक गई है। मौसम विशेषज्ञों और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा इस साल केरल में मॉनसून की शुरुआत में देरी से महाराष्ट्र में इसके पहुंचने और फिर राज्यभर को कवर करने में 4-5 दिनों की देरी हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे के मौसम पूर्वानुमान विभाग के प्रमुख अनुपम कश्यपी ने कहा, 'नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर हवा का पैटर्न अगले 5-7 दिनों में अधिक क्षेत्रों में पश्चिमी दिशा में मुड़ने की संभावना है। संकेत मिल रहे हैं कि 2-8 जून के आसपास अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों शाखाएं और मजबूत होंगी, जो मॉनसून के लिए अच्छे संकेत है। लेकिन फिर भी 8 जून तक महाराष्ट्र में अधिक बारिश नहीं होगी। उन्होंने कहा, इसके बाद दोनों शाखाएं और मजबूत होंगी, जिससे मॉनसून 9-15 जून तक कोंकण-गोवा और दक्षिण-मध्य मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को कवर करते हुए दक्षिण महाराष्ट्र में प्रवेश करेगा। आमतौर पर इस अवधि की मॉडल सटीकता कम होती है। लेकिन विस्तारित रेंज पूर्वानुमान में यही बात पता चली है। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमान के अनुसार मानसून के 16-22 जून के दौरान महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्से को कवर करने की संभावना है। कश्यप ने कहा, मुंबई और पुणे में मॉनसून कब दस्तक देगा, इसकी तारीखों का सही पता केरल में मॉनसून के पहुंचने के बाद चलेगा। मॉनसून आमतौर पर 7 जून के आसपास दक्षिण महाराष्ट्र में प्रवेश करता है, जबकि यह 15 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेता है। लेकिन वर्तमान परिस्थियों को देखते हुए इस साल पूरे महाराष्ट्र में मॉनसून के पहुंचने में लगभग 4-5 दिन की देरी होने की संभावना है। यानी मुंबई में मॉनसून आमतौर पर 10 जून को दस्तक देता है, लेकिन इस साल देरी के साथ 15 जून के आसपास पहुंच सकता है। एक अन्य भारतीय मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि मॉनसून सामान्य रूप से 8 जून के आसपास दक्षिणी महाराष्ट्र में पहुंचता है। हालंकि इस साल केरल में मॉनसून के आगमन में लगभग चार दिन की देरी होने वाली है और पूर्वानुमान बताते हैं कि यह देरी आगे भी जारी रहेगी। इसलिए मॉनसून के 8 जून के बाद ही महाराष्ट्र पहुंचने की संभावना है, जिसके कारण तब तक सभी को गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

# दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या
# होटल में ठहरे बुजुर्ग को वेटर ने मार डाला



**मुंबई,** मुंबई के कांदिवली में रविवार को अज्ञात हमलावर ने 32 वर्षीय शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना आज सुबह करीब 8 बजे कांदिवली वेस्ट के गणेश नगर में महिला कल्याण केंद्र के पास हुई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक लालजी पाड़ा इलाके में हुई इस वारदात में गोली लगने से पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। शख्स को गोली मारने के बाद हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गया। हालांकि गोली मारने के पीछे के मकसद के बारे में खुलासा नहीं हुआ है। उधर गोलीबारी की खबर मिलते ही कांदिवली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और अपनी जांच शुरू की। पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में व्यावसायिक विवाद के कारण हत्या करने की बात सामने आ रही है। शुरूआती जांच से पता चला है कि मृतक व्यक्ति आसपास के क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पानी बेचने के कारोबार में शामिल था। माना जा रहा है कि टैंकर व्यवसाय पर अपना दबदबा बनाने के लिए यह हत्या करवाई गई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश के लिए दबिश दे रही है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। ठाणे शहर के एक होटल में काम करने वाले वेटर ने 65 वर्षीय बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को जंबली नाका इलाके में स्थित होटल में हुई जहां काराबाई रामभाई सुवा किराए पर कमरा लेकर ठहरे हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेटर ने कथित तौर पर बुजुर्ग के चेहरे और गर्दन पर धारदार हथियार से हमला किया और फिर मौके से फरार हो गया बाद में बुजुर्ग का शव कमरे में खून से लथपथ पड़ा देखकर होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल में भेजा है। पुलिस ने आरोपी वेटर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। हत्या के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चला है।

# पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर हादसा



**मुंबई,** महाराष्ट्र में कोल्हापुर जिले में पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर शनिवार को भीषण हादसा हुआ। जिले के घुंकी फाटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक एसयूवी रोड-रोलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोड रोलर पलट गया जबकि कार का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना की शिकार एसयूवी से छह युवक मुंबई से लौट रहे थे। आज सुबह करीब 6.30 बजे एसयूवी चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और किनी टोल प्लाजा की ओर जा रहे एक रोड-रोलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान राहुल अशोक शिखरे (30) और सुयोग दत्तात्रय पवार (28) के रूप में हुई है, दोनों कोल्हापुर जिले की हातकणंगले तहसील के निवासी हैं। हादसे के बाद कुछ किसान और अन्य राहगीर दुर्घटना प्रभावित युवकों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। चारों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को तुरंत कोल्हापुर के सीपीआर अस्पताल ले जाया गया, जहां सुयोग पवार और राहुल शिखारे को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि वाथर गांव निवासी रोड रोलर चालक दादासो डाबाडे (40) को भी मामूली चोटें आईं है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि महाराष्ट्र में 2022 में सड़क हादसों में 15,224 लोगों ने जान गंवाई है। इनमें से 57 प्रतिशत लोग दोपहिया या तिपहिया वाहनों पर सवार थे। वहीं, पैदल चलने वाले 21 प्रतिशत लोग हादसों का शिकार हुए है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, कई सड़क हादसों की वजह 'रोड हिप्नोटिज्म' होती है। इसे 'व्हाइट लाइन फीवर' भी कहा जाता है। इसमें वाहन चलाते समय व्यक्ति एक ऐसी मानसिक स्थिति में पहुंच जाता है, जिसमें उसे आसपास की चीजों का कोई आभास नहीं होता और वह बिना कुछ एहसास किए वाहन चलाता चला जाता है।

# अवैध खनन में शामिल डंपर चालक ने की कलेक्टर को मारने की कोशिश



**मुंबई,** महाराष्ट्र में अवैध खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं? दरअसल यह सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि राज्य के बीड जिले में अवैध रेत ले जा रहे डंपर से जिला कलेक्टर की कार को टक्कर मारने की कोशिश की गई। गनीमत रही कि अधिकारी बाल-बाल बच गईं। बीड पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वाले डंपर ट्रक के चालक ने कथित तौर बीड की कलेक्टर की कार को टक्कर मारने की कोशिश की। दरअसल महिला अधिकारी ने डंपर का पीछा कर उसे रोकने का प्रयास किया था। बीड जिले के गेवराई तालुका में गुरुवार तड़के को यह घटना हुई. डंपर चालक ने पकड़े जाने से बचने के लिए रेत को अचानक सड़क पर गिरा दिया था। जिसमें कलेक्टर दीपा मुधोल-मुंडे की कार रेत में फंस गई। हालांकि कलेक्टर के बॉडीगार्ड ने डंपर चालक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन असफल रहा। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को डंपर चालक को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा जिला कलेक्टर अपने सरकारी वाहन में अपने बॉडीगार्ड के साथ औरंगाबाद से बीड आ रही थीं, तभी उन्होंने गुरुवार तड़के लगभग 3.15 बजे धुले-सोलापुर राजमार्ग पर गेवराई के माडलमोही गांव के पास रेत लदे एक डंपर को देखा। ट्रक में नंबर प्लेट नहीं थी। जिसके बाद कलेक्टर ने अपनी कार के चालक से डंपर को रोकने की कोशिश करने को कहा। इसके बाद कार चालक ने डंपर के चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने डंपर नहीं रोका। इसके बाद कलेक्टर ने अपने चालक से कार को डंपर के आगे ले जाने के लिए कहा ताकि डंपर को रोका जा सके। लेकिन जब उसने ऐसा किया तो डंपर चालक ने अपने वाहन की गति बढ़ा दी और कलेक्टर की कार को टक्कर मारने की कोशिश भी की।

# हज यात्रियों के लिए बोझ बन गए गुलाबी नोट



**अशोक पाल, प्रयागराज,** दो हजार रुपये के नोट का चलन आने वाले दिनों में बंद होने और बैंकों में वापसी के ऐलान के बाद मक्का-मदीना की राह चले तमाम हज यात्रियों के लिए ये बोझ बन गए हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों हज पर जाने वालों की इस समस्या की भरमार है। असल में बहुत सारे यात्री अपने साथ दो हजार की करेंसी भी लेते गए। अब एयरपोर्ट पर न तो इंडियन करेंसी एक्सचेंज में नोट बदले गए, न ही फॉरेन करेंसी एक्सचेंज में। ऐसे हज यात्री जो दो हजार के नोट काफी संख्या में ले गए थे, उनके पास ही रह गए। प्रयागराज के रहने वाले कई हज यात्रियों ने दूसरे हज यात्रियों से रुपये लिए तो कुछ के परिवार वालों ने पहले से सऊदी अरब में रह रहे लोगों के जरिए उन्हें रुपये दिलवाए, ताकि खर्च चल सके। जिन परिवारों के लोग यह दिक्कत झेल चुके हैं, वे सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर मैसेज जारी कर रहे हैं कि हज पर जाने वाले दो हजार के नोट लेकर न जाएं। खुद्दामे हज कमेटी के महासचिव मोईन अहमद खान का कहना है कि दो हजार के नोटों को सफर पर ले जाने में परेशानी हो रही है। करेंसी एक्सचेंज के काउंटर पर दो हजार के नोट नहीं लेंगे। ऐसे में दो हजार के नोट बैंक से ही बदल कर जाएं। सफर पर 500 के नोट ले जाएं, जो काउंटर से आसानी से बदल जा रहे हैं। हज यात्रियों के लिए करेंसी एक्सचेंज की सुविधा दस हजार रियाल तक है। यानी इंडियन करेंसी देने के बाद हज यात्री दस हजार रियाल एक्सचेंज कर सकते हैं। 22 हजार से ज्यादा रुपये एक हज यात्री एक्सचेंज कराकर सऊदी अरब ले जा सकता है। लखनऊ एयरपोर्ट पर करेंसी एक्सचेंज तो खूब हुए, लेकिन मसला दो हजार के नोटों का फंसा रहा।

# कांठल के जंगलों में गत वर्षों से कटाई से कम हो रही है हरियाली



**अनुराग सिह, प्रतापगढ़,** जिले का जंगल काफी समृद्धशाली रहा है। लेकिन गत कुछ वर्षों से पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है। ऐसे में वन क्षेत्र में कमी हो रही है। यही हाल रहा तो आगामी दिनों में कई पेड़-पौधों की संख्या में कमी हो जाएगी। जिले के जंगलों में गत कई वर्षों से पेड़ों की कटाई अवैध रूप से जारी है। विशेषकर सीतामाता के जंगलों में तो रात को कुल्हाडियों की आवाजें सुनाई देती है। सूत्रों के अनुसार रातों-रातों पेड़ों को काटकर वाहनों में भरकर जंगल से बाहर ले जाया जाता है। इसमें जंगल में निवासरत लोगों के हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जिले के भू-भाग में हरियाली का आंकड़ा कम होना स्वाभाविक है। जैव विविधता से भरपूर व प्रदेश में अपनी अलग ही पहचान रखने वाला सीतामाता अभयारण्य में पाई जाने वाली बहुपयोगी व दुर्लभ जड़ी-बूटियों व औषधीय पेड़ों पर संकट खड़ा हो गया है। अभयारण्य में अवैध रूप से धड़ल्ले से हो पेड़ों की कटाई, अतिक्रमण आदि के चलते औषधीय पादप व पेड़ कम होते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में अगर यही हाल रहा और इन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वो दिन दूर नहीं, जब बहुपयोगी औषधियों का अथाह भण्डार संकीर्ण हो जाएगा। कम हो रहा वनाच्छादित क्षेत्र कांठल की आबोहवा और भौगोलिक स्थितियों के कारण यहां वनच्छादित इलाका भरपूर है। जो प्रदेश में उदयपुर के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3 लाख 42 हजार 239 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 16 हजार 572 वर्ग किलोमीटर में वनक्षेत्र है। वहीं वनाच्छादित क्षेत्र 4.84 प्रतिशत ही है। जबकि उदयपुर का वनाच्छादित क्षेत्र 23.58 प्रतिशत है। जबकि प्रतापगढ़ में कुल भौगोलिक क्षेत्र 4 हजार 495 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से एक हजार 44 वर्ग किलोमीटर वनाच्छादित क्षेत्र है, जो 23.47 प्रतिशत है। लेकिन फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की सर्वे रिपोर्ट में प्रतापगढ़ जिले के वनाच्छाति क्षेत्र में कमी बताई गई है। जो गत वर्षों की तुलना में करीब 48 वर्ग किलोमीटर कम बताई गई है। वहीं प्रदेश में 466 वर्ग किलोमीटर वनाच्छादित क्षेत्र बढ़ा हुआ बताया गया है।कर रहे है सामूहिक प्रयास जिले में जंगल से अवैध कटाई को लेकर वन विभाग की ओर से समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। जंगल में अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या है। इसके लिए हम प्रयास कर रहे है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी कटाई को लेकर आगे आना होगा। इससे ही जंगल बच सकेगा। जंगल बढ़ाने के लिए हम प्रति वर्ष पौधरोपण करते है। वहीं अब विभाग की ओर से स्थानीय पौधों को अधिक लगाने के लिए प्रयास कर रहे है।

# छात्रा से अश्लील बात करने वाले प्रोफेसर निलंबित



**विनोद सिंह, जौनपुर,** शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के एचओडी डॉ प्रदीप सिंह को प्रबंध समिति ने निलंबित कर जांच बैठा दी है। बीते दिनों छात्रा से अश्लील बातें और शारीरिक संबंध बनाने की डिमांड करने का एक वीडियो बहुत तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में दिख रहे वयक्ति की पहचान प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह के रूप में हुई थी। छात्रा के साथ अश्लील बातें करने का वीडियो 25 मई को वायरल होने के बाद कालेज प्रबंध समिति ने प्रोफेसर प्रदीप सिंह से ईमेल और व्हाट्सप्प के जरिए उनका स्पष्टीकरण मांगा था। उधर कालेज प्रबंधन पर लगातार सवाल उठ रहे थे और इधर उनका कोई जवाब नहीं आया। इसपर कालेज की प्रबंध समिति की एक आपात बैठक रविवार को कालेज परिसर में हुई और सर्वसम्मति से डॉ प्रदीप सिंह को निलंबित कर दिया गया। कालेज के प्राचार्य ने बताया कि प्रबंध समिति ने डॉ प्रदीप सिंह को उनके विभाग, महाविद्यालय की सभी समितियों की सदस्य्ता से कार्यमुक्त करने का फैसला लिया गया है। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है जो अगले 15 दिन में अपनी रिपोर्ट प्रबंध समिति को सौंपेगी। यह रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपी जाएगी। 25 को वायरल हुए वीडियो के बाद जौनपुर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आरओई प्रोफेसर के खिलाफ लाइन बाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

# योगी बोले 9 साल में दुनिया में बढ़ा भारत का मान



**पवन सिंह, लखनऊ,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में जहां एक तरफ दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, वहीं देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। आज भारत को कोई आंख दिखाने का साहस नहीं कर सकता। गरीबों का कल्याण और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट जैसे चार स्तंभों को मोदी सरकार ने बीते 9 साल में मजबूत आधार प्रदान किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी में मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल के पूरे होने पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में बदली हुई परिस्थितियों को हम सब ने ना केवल महसूस किया है बल्कि हमने इस दौरान नये भारत का दर्शन भी किया है। आज का भारत चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ने पहले स्तंभ की चर्चा करते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है। भारत को दुनियाभर मे सम्मान मिल रहा है। हाल ही में पीएम ने तीन देशों की यात्रा की है, उसका दृश्य हम सबके सामने है। पापुआ न्यू गिनी में पीएम मोदी का वहां के प्रधानमंत्री ने पैर छूकर अभिनंदन किया। प्रोटोकॉल तोड़ के देर सायंकाल स्वयं आगवानी की। यह पहली बार हुआ है जब किसी संप्रभु राष्ट्र ने अपने समकक्ष का अभिनंदन इस प्रकार किया हो। मुख्यमंत्री ने दूसरे स्तंभ की चर्चा करते हुए कहा कि आज भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़ हुई है। कोई भी भारत की ओर टेढ़ी नजर से देखने का प्रयास नहीं कर सकता है। अटल जी ने कहा था कि हम सब कुछ कर सकते हैं, मगर पड़ोसी नहीं बदल सकते। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति सकारात्मक भाव रखता रहा है। मगर कुछ लोग अपनी प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हो पाते। पहली बार भारत ने जैसे को तैसे का जवाब दिया। सीमाएं सुरक्षित और सुदृढ़ हुई हैं।

**विनोद एस.पी.सिंह**
**चीफ ब्यूरो- उत्तर प्रदेश**
**मो. 9415287895**

# रेलवे कर्मचारियों की गलती से रूकी कई ट्रेनें

**पवन सिंह, भदोही,** बनारस प्रयागराज रामबाग रेल खंड पर शुक्रवार को सिग्नल ना मिलने से कई ट्रेंने 2 घंटो तक बाधित रहीं। बताया जा रहा है कि माधोसिंह से अलमऊ हाल्ट के बीच रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य चल रहा है। शुक्रवार की सुबह अचानक सिग्नल का तार कट गया। कर्मचारियों को इस बात की जानकारी नहीं थी। इससे ट्रेनें जहां की तहां खड़ी हो गई। अचानक से सिंग्नल का तार कटने से दिल्ली से सीतामढ़ी बिहार जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस और दिल्ली से बनारस को जाने वाली शिवगंगा एक्सप्रेस, मुंबई से छपरा को जाने वाली स्पेशल ट्रेन को जगह-जगह रोक दिया गया। स्टेशन अधीक्षक ज्ञानपुर रोड ने दिल्ली से वाराणसी जानी वाली गाडियों के लिए सिग्नल लेना चाहा तो व्यवस्था फेल रही। इसकी सूचना माधोसिंह स्टेशन पर दी गई तो कर्मचारियों ने फाल्ट ढूंढ़ना शुरू किया। माधोसिंह से अलमऊ हाल्ट के बीच रेलवे ट्रैक पर फाल्ट मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने सिग्नल को ठीक करने में दो घंटों का समय लगा। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों पानी के लिए गांवों के हैंडपंपों पर पहुंच गए। बोतलें भरीं, हाथ मुंह धोया पर चाय, नाश्ता आदि की व्यवस्था इन स्थानों पर नहीं थीं, इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।ये ट्रेनें रही बाधित पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस प्रयागराज रामबाग रेलखंड पर ज्ञानपुर और माधोसिंह स्टेशन के मध्य समपार संख्या 39 ए के पास ज्ञानपुर यार्ड प्वाइंट नंबर 207 ए पर बीसीएम, डीओडी जीएस मशीन से रेलवे कार्य के दौरान डाउन लाइन पर सिग्नल का तार कट गया था। इससे गाड़ी संख्या 07651 जालना छपरा एक्सप्रेस को भीटी स्टेशन पर समय सुबह 4.43 बजे से 6.32 बजे तक कुल 109 मिनट,गाड़ी संख्या 14006 ज्ञानपुर स्टेशन पर समय 4:30 बजे से 6:20 बजे तक लगभग 110 मिनट तक खड़ी रही।

# घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म

**विनोद सिंह, मुरादाबाद,** थाना भोजपुर इलाके की निवासी पीड़ित महिला ने देर रात पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की थाना भगतपुर के इलाके दौलपुरी निवासी राशिद चौधरी का बेटा मुशाहिद , उसका भाई इमरान उनका पिता राशिद चौधरी छोटा लड़का अनस पुत्री फरहाना , और अफ्तारा घर में घुस आए और माँ व अन्य लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी इमरान उसे जबर्दस्ती दूसरे कमरे में ले गया और जान से मारने की धमकी देते हुए पहले उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम देते हुए वीडियो बनाई फिर अप्राकृतिक सेक्स करते हुए मोबाइल फोन से अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए इतना ही नहीं गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए किसी से शिकायत न किए जाने की धमकी देते हुए कहा अगर किसी को कुछ बताया । उसकी बलात्कार और अप्राकृतिक सेक्स की वीडियो और फ़ोटो वायरल कर दिया जाएगा । गौरतलब हैं कि पीड़ित महिला की इस घटना का शिकार हुई बेटी कभी आरोपियों के घर में बहू के रूप में पहुची थी लेकिन किसी कारण रिश्ता अधिक दिन नही चल पाया और दोनो पति पत्नी अलग रहने लगे । सभी आरोपी घटना का शिकार हुई महिला के पति के साथ ससुर देवर व नंद बताए जाते हैं। पुलिस ने पीड़िता की माँ की तहरीर के आधार पर सभी छह आरोपियों के खिलाफ बलात्कार , अप्राकृतिक सेक्स, मारपीट , गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी की धराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

# कुल्हाड़ी से काटकर बहन की हत्या !

**विजय सिंह, आजमगढ़,** रौनापार थानाक्षेत्र के रामनगर कुकरौछी गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक भाई ने अपनी बहन को सिर्फ मोबाइल से बात करने को लेकर हुई कहासुनी में कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह थाने पहुंचा और खुद ही गिरफ्तार हुआ। फिलहाल पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। रामनगर कुकरौछी गांव के रहने वाले रामकुमार यादव ने अपनी तहरीर उसकी बेटी सिद्धू उर्फ आलू (20 ) किसी से चोरी-छुपे बातचीत करती थी। मैंने और परिजनों ने कई बारे मना किया पर वह नहीं मानती थी। 27 मई की रात में वह किसी से मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी दौरान मेरा बेटा प्रमोद वहां आ गया और उसे सिद्धू से पूछा की किससे बात कर रही हो, जिसपर सिद्धू और उसकी कहासुनी होने लगी। रामकुमार ने बताया कि इस दौरान झगड़ा बढ़ गया और प्रमोद ने वहां रखी कुल्हाड़ी उठा ली और सिद्धू पर वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह फरार हो गया। रामकुमार ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव और कुल्हड़ी को कब्जे में ले लिया। पुलिस अभी प्रमोद को तलाश करती कि उससे पहले वह भी थाने पहुँच गया और आत्मसर्मपण कर दिया। प्रमोद ने बताया कि वह चंडीगढ़ रहता है और छुट्टी लेकर सिद्धू के लिए लड़का देखने के लिए आया था। 27 तारीख को सुबह गोरखपुर गया था लड़का देखने, वहां से लौटा तो आलू किसी से बता कर रही थी। पूछा तो बहस करने लगी जिसपर आवेश और गुस्से में आकर उसपर कुल्हाड़ी से जम्मू कश्मीर वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।




**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन के तहत भोजपुरी के ख्याति प्राप्त युवा गायक माही मृदुल के गाए गीत 'ब्याहो ना बाबा' को उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के लखनऊ मुख्यालय से यूट्यूब पर लांच किया गया दहेज प्रथा पर प्रहार करने वाली इस गीत के लेखक प्रतिष्ठित रचनाकार संजय पांडे हैं। इस अवसर पर प्रबंध निर्देशक श्री वीके सिंह संगीतकार श्री प्रमोद योगी विभागीय अधिकारी गण श्री सुरेश राय श्री योगेंद्र सिंह श्री भानु प्रताप श्री आलोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे.**

# मदरसों को समाज से जोड़ रहे हैं ये शिक्षक

**अवधेश यादव, वाराणसी,** आधुनिक मदरसों में गणित, विज्ञान और अंगेजी पढ़ाने वाले अध्यापकों को 70 महीनों से अधिक समय से सैलेरी नहीं मिल रही है। उन्हें हर महीने सिर्फ 3 हजार रुपए दिए जा रहे हैं जबकि उन्हें 15 हजार सैलरी मिलनी चाहिए। इस मामले को लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन और केंद्र और राज्य सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों से मिल चुके शिक्षकों ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की पैनल सदस्य हुमा बानों संग बैठक कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। हुमा बनों ने इस सम्बन्ध में प्रभावी पहल का आश्वासन दिया है। बजरडीहा स्थित मदरसा रिजविया राशीदुलउलूम में हुई इस बैठक में शिक्षक विनोद कुमार मौर्या ने बताया कि मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों को मदरसे में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर आदि विषय अलपसंखयक समुदाय के छात्रों को पढाने के लिए रखा गया। शिक्षकों की योग्यता भी बीए, एमए व बीएड है। ताकि मदरसे के छात्र शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें और उनकी दशा सुधर सके। इस योजना से अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र लाभान्वित भी हो रहे हैं और उनका शिक्षा के असर में बहुत काफी सुधार भी हुआ है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पैनल की सदस्य हुमा बानों के संग बैठक कर इन शिक्षकों ने अपनी मांगे दोहराई और अपना बकाया वेतन मांगा। शिक्षकों ने बताया कि हमारा वेतन 2017 से नहीं दिया गया है। हम अब भुखमरी की कगार पर हैं। बताया कि अभी तक आश्वासन के अलावा और कुछ हासिल नहीं हुआ। भाजपा के घोषणा पत्र में मदरसों के आधुनिकीकरण का वादा किया गया था। 2019 में केंद्र में सरकार बनने पर ऐलान किया गया कि मदरसा छात्रों के एक हाथ में कुरान तथा दूसरे हाथ में कंप्यूटर होगा, लेकिन जमीन पर कुछ भी नहीं दिखा। नतीजा यह हुआ कि इस योजना में पढाने वाले शिक्षक ही भूखे मर रहे हैं। इस दौरान सभी ने एक ज्ञापन भी हुमा बानों को सौंपा। हुमा बानों ने इस सम्बन्ध में बताया कि यह पूरे प्रदेश की विकट समस्या है कि इन शिक्षकों को 2017 से उनका मूल वेतन नहीं मिल रहा है।

# सूर्यकुमार ने मुंबई के लिए रचा इतिहास सचिन के बाद बने दूसरे खिलाड़ी




**अशोक पाल, गाजीपुर,** आईपीएल 2023 के 16वें सीजन में मुंबई इंडियंस का सफर क्वालीफायर मैच में मिले हार के साथ खत्म हो गया। इस सीजन मुंबई इंडियंस की तरफ से कई शानदार मैच देखने को मिला। इन शानदार मैचों के पीछे सूर्यकुमार यादव की बेहतरीन बल्लेबाजी थी। सूर्या ने अपने आईपीएल करियर में पहली बार किसी सीजन में 600 से अधिक रन बनाने में सफलता हासिल की। बता दें कि सूर्यकुमार यादव अब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से एक सीजन में 600 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार यादव ने यह कारनामा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए क्वालीफायर मैच के दौरान किया। बता दें कि इस सीजन में सूर्य ने कुल 605 रन जुटाए। सूर्यकुमार ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन करते हुए एक शतकीय पारी और 5 अर्धशतकीय पारी खेली। एक सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड सचिन तेंडुलकर के नाम है। उन्होंने 2010 के आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए कुल 618 रन बटोरे थे। सूर्यकुमार यादव ने गुजरात के खिलाफ 61 रनों की पारी खेल कर अपने 20 करियर में 6500 रनों को पूरे करने में कामयाबी हासिल की। बीते दिनों क्वालीफायर मैच के लिए मुंबई इंडियंस की टीम अहमदाबाद के लिए रवाना हो रही थी। फ्लाइट से सफर कर रही मुंबई इंडियंस की टीम का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा था, जिसमें सूर्यकुमार यादव अपनी ही टीम के प्लेयर दाहिने हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के साथ मस्ती करते नजर आ रहे थें। वीडियो में सूर्यकुमार यादव गहरी नींद में सो रहे तिलक वर्मा के मुंह में नींबू निचोड़ते दिख रहे थें।

## खूनी खेल में खुद फंस गई बेगम

# प्रेमी ने तलवार से काट दी गर्दन




**रमाशंकर सिंह, गोरखपुर,** अवैध संबंधों के चलते यूपी में अक्सर हत्या के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे ही गोरखपुर के गोरखनाथ इलाके के दिग्विजयनगर में रेलवे कर्मी मोहम्मद अफरोज की 24 मई की रात में गला काटकर हत्या हत्या कर दी गई। इसमें उसकी पत्नी ने पुलिस को लूट के बाद हत्या कर बदमाशों के भाग जाने की सूचना दी थी। अब पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़कर मामले का बेहद चौंकाने वाला खुलासा है। पुलिस के अनुसार रेलवे कर्मी की पत्नी सादिया ने अवैध संबंधों के चलते उसकी हत्या करवा दी। पुलिस ने शनिवार को पत्नी शादिया और उसके प्रेमी आईटीआई छात्र अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जांच में पता चला कि शादिया ने पति अफरोज को नींद की दवा दी थी। इसके बाद अभिषेक ने अपने दोस्तों इरफान और इरसाद उर्फ दिलसाद के साथ मिलकर हत्या की। दिलशाद ने अफरोज के पैर पकड़े और इरफान ने दोनों हाथ, फिर अभिषेक ने तलवार से गला रेत दिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल तलवार भी बरामद कर ली है और आरोपियों के कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी अभिषेक चौधरी महराजगंज जिले के कोल्हुई बाजार थाना क्षेत्र के रुद्रपुर विश्वनाथ गांव का रहने वाला है। जांच में पता चला कि अफरोज के चार मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर में अफरोज और उसकी पत्नी शादिया रहते थे। जबकि अन्य फ्लोर पर किराएदार रहते थे। शादिया और अफरोज के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इस बीच करीब एक माह पहले मकान के दूसरे फ्लोर पर रहने वाले अभिषेक से शादिया के नजदीकी संबंध हो गए थे। शादिया और अभिषेक चौधरी के रिश्ते के बारे में पति अफरोज को पता चला तो उसने अभिषेक को मकान से निकाल दिया था। लेकिन, बीच-बीच में अफरोज के घर न रहने पर वह आता-जाता था।

# प्रियंका चोपरा ने शेयर की मालती मैरी की पिकनिक फोटो

**बॉलीवुड** और हॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपने परिवार से जुड़ी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा द्वारा शेयर की गई तस्वीरों को उनके फैंस काफी पसंद भी करते हैं। प्रियंका चोपड़ा कभी अपने घर की तस्वीरों से लोगों को हैरान कर देती हैं। तो कभी प्रियंका चपोड़ा की बेटी मालती मैरी की फोटो लोगों का दिल जीत लेती हैं। इसी बीच प्रियंका चपोड़ा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक नई तस्वीर शेयर की हैं। इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा अपने परिवार के साथ दिखाई दे रही हैं। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्मों और सीरीज से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में है। प्रियंका चोपड़ा की लाइफ से जुड़ी कई खबरें सामने आती रही हैं। इसी बीच प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक तस्वीर शेयर की हैं। इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ दिखाई दे रही हैं। मालती मैरी इस तस्वीर में बेहद क्यूट लग रही हैं। आपको बता दें कि ये तस्वीर पिकनिक के दौरान की है। प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस और मालती मैरी की ये तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। प्रियंका चोपड़ा की इस तस्वीर पर फैंस के साथ-साथ स्टार्स भी रिएक्शन देते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा के परिवार की इस तस्वीर को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर भी कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थी। प्रियंका चोपड़ा की इस वेब सीरीज को लोगों ने काफी पसंद भी किया था। प्रियंका चोपड़ा की इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सीरीज के बाद प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की एक फिल्म में भी नजर आ सकती है। प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस और मालती मैरी की इस तस्वीर को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं। बेहतरीन एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातों को लेकर फिलहाल वैसे भी चर्चा में बनी हुई हैं। पिछले कुछ दिनों में उन्होंने कहीं बड़े खुलासे किए हैं और उनका बयान सामने आने के बाद लोग हैरान भी हो गए हैं।



# कर्म या कांड में अशनीर को देख चौंके फैंस

**शार्क** टैंक इंडिया के पहले सीजन के बाद अशनीर ग्रोवर काफी चर्चा में आ गए हैं और जब वो दूसरे सीजन में नहीं दिखाई दिए तो फैंस काफी निराश दिखाई दे रहे थे। लेकिन अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सभी को चौंका दिया है। दरअसल, फैंस के चहेते अशनीर की वापसी हो गई है लेकिन वह शार्क टैंक इंडिया में नहीं, बल्कि दूसरे रियलिटी शो रोडीज में दिखाई देने वाले हैं। इस रियलिटी शो का नया सीजन रोडीज 19 कर्म या कांड काफी चर्चा में बना हुआ है और नए प्रोमो में ग्रोवर को देखा जा सकता है। प्रोमो में अशनीर को देखने के बाद फैंस को तगड़ा झटका लगा है और सोशल मीडिया पर सवालों का सिलसिला शुरू हो चुका है। जो वीडियो सामने आया है उसमें ग्रोवर को नए गैंग लीडर्स के साथ देखा जा सकता है और उनके साथ सोनू सूद भी नजर आ रहे हैं। दर्शकों को विश्वास नहीं हो रहा है कि आखिरकार वह इस शो का हिस्सा कैसे बन गए। बता दें कि शो में इस बार प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवर्ती भी दिखाई देने वाले हैं। फिलहाल ऑडिशन चल रहा है और जो प्रोमो सामने आया है वो ऑडिशन राउंड के दौरान का ही है। वीडियो में जब कंटेस्टेंट इंटरव्यू देने के लिए पहुंचते हैं तो गैंग लीडर्स के बीच उन्हें खरीदने के लिए खींचतान शुरू हो जाती है। सोनू सूद अनाउंस करते हैं कि कंटेस्टेंट के लिए ऑक्शन राउंड होगा। इसके बाद एक-एक कर सभी की एंट्री होती है और लीडर्स उनके लिए बोली लगाते हैं।अशनीर को इस शो का हिस्सा बनते देखने के बाद फैंस काफी ज्यादा हैरान है और सोशल मीडिया पर रिएक्शन आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा अशनीर ग्रोवर ये बहुत ही ज्यादा शॉकिंग है यह किस लाइन में आ गए हैं आप, दूसरे यूज़र ने कहा ये बहुत ज्यादा हैरानी भरा है, एक अन्य ने कहा ये क्या है? अशनीर यहां क्या कर रहे हो। अशनीर को पहचान शार्क टैंक इंडिया के सीजन वन से मिली थी। दूसरे सीजन में वो नजर नहीं आए थे तो फैंस ने कई सारे सवाल उठाए थे। इसके बाद उन्होंने खुद यह बताया था कि सोशल मीडिया पर उन्होंने पहले सीजन के सारे शार्क को अनफॉलो कर दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी जगह अमित जैन को रिप्लेस कर दिया गया था। जब उन्हें यह पता चला तो उन्होंने सभी से कांटेक्ट खत्म कर दिया।



# राखी सावंत के साथ विक्की के जबरदस्त ठुमके स्टेज पर गिरते-गिरते बचे एक्टर

**हाल** ही में अबू धाबी में आईफा अवार्ड 2023 का आयोजन किया गया, जहां बॉलीवुड के सभी सितारों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कोई यहां पर अपने लुक को लेकर चर्चा में बना हुआ था, तो कोई अपने डांस परफॉर्मेंस से लोगों का दिल जीत रहा था। विक्की कौशल और सारा अली खान को यहां अपनी फिल्म जरा हटके जरा बचके का प्रमोशन करते हुए देखा गया। इसी बीच उनका एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उन्हें एक्ट्रेस राखी सावंत के साथ जमकर मौज मस्ती करते हुए देखा जा रहा है। ये दोनों एक्टर की पत्नी कटरीना कैफ के गाने पर धमाकेदार डांस कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें देखा जा सकता है कि ये दोनों कलाकार शीला की जवानी पर डांस कर रहे हैं। तभी राखी विक्की कौशल को जोरदार ठुमका मरती हैं और एक्टर गिरते गिरते बच जाते हैं। दोनों की हरकतें देखकर सारा अली खान जोर-जोर से हंसती हुई दिखाई दी और स्टेज पर इन तीनों को एक साथ देखा गया। इन दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर जमकर रिएक्शन देते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा राखी कभी नहीं सुधरने वाली,तो दूसरे का कहना था जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस है। विक्की कौशल के वर्क फ्रंट की बात की जाए तो एक के बाद एक उनकी कई सारी फिल्में पाइपलाइन में हैं। वो जल्द ही सारा अली खान के साथ 2 जून को फिल्म जरा हटके जरा बचके के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने की तैयारी में हैं। इसके अलावा उन्हें सैम बहादुर में देखा जाने वाला है, जो एक फील्ड मार्शल की जिंदगी पर बनाई गई फिल्म है। इसे 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और फैंस मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं. ट्विटर पर एक यूजर ने लिखा, इज दिस फ्रॉम आईफआ? कोई शक नहीं राखी अल्टीमेट एंटरटेनर है..एक और ने ट्वीट में लिखा था, ट्रेंड सेटर राखी वहीं एक ने लिखा, यह बहुत मजाकिया है.एक अन्य फैन ने लिखा, राखी की तरह कोई एंटरटेन नहीं कर सकता है. हाल ही में अबू धाबी में आईफा अवार्ड 2023 का आयोजन किया गया, जहां बॉलीवुड के सभी सितारों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कोई यहां पर



अपने लुक को लेकर चर्चा में बना हुआ था, तो कोई अपने डांस परफॉर्मेंस से लोगों का दिल जीत रहा था। विक्की कौशल और सारा अली खान को यहां अपनी फिल्म जरा हटके जरा बचके का प्रमोशन करते हुए देखा गया। इसी बीच उनका एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# कार्तिक-कियारा की केमिस्ट्री ने जीता फैंस का दिल

**बॉलीवुड** के फेमस एक्टर कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी जल्द ही फिल्म सत्य प्रेम की कथा में दिखाई देने वाली है। फ्रेंड्स इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड है और टीजर आने के बाद ये एक्साइटमेंट सातवें पर आसमान पर पहुंच गई है। अब इस फिल्म से कार्तिक और कियारा का गाना नसीब से रिलीज किया जा चुका है।

जिसके सामने आने के बाद फैंस इसे बहुत पसंद कर रहे हैं और चंद मिनटों में लाखों व्यूज इस गाने पर आ चुके हैं। रिलीज होते ही जनता को अपना दीवाना बना दिया है और लोग इसकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। सबसे ज्यादा कार्तिक और कियारा की केमिस्ट्री को पसंद किया जा रहा है। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि इस गाने की रिलीज को 1 घंटा भी नहीं हुआ था और इसके व्यूज 1.5 लाख पर पहुंच गए थे। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और कार्तिक और कियारा को एक दूसरे के प्यार में डूबा देख फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। गाने का लिरिक्स ओं म्यूजिक सुनने के बाद लोगों को बॉलीवुड के पुराने दौर की याद आने वाली है और विशाल मिश्रा की आवाज हर किसी का दिल जीत लेगी।



वीडियो पर कमेंट आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है और लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने लिखा विशाल मिश्रा की आवाज में जादू है। दूसरे यूज़र ने कहा पुराने दौर की याद आ गई। एक ने कहा बहुत ही शानदार गाना है। लोग गाने में दिखाए गए सीन की तारीफ करते हुए दिखाई दे रहे हैं और उन्हें कियारा और कार्तिक की जोड़ी पसंद आ रही है। फिल्म की रिलीज डेट की बात करें तो ये इस साल 29 जून को रिलीज की जाएगी और भूलभुलैया के बाद दूसरी बार कार्तिक और कियारा की जोड़ी दर्शकों का मनोरंजन करेगी।

# रिलीज से पहले ही आदिपुरुष ने मचाया धमाल करोड़ों में बिके राइट्स

फिल्म बाहुबली करने के बाद साउथ एक्टर प्रभास की पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है और एक के बाद एक दो फ्लॉप फिल्में देने के बावजूद भी दर्शकों को उनकी आने वाली फिल्म आदिपुरुष का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म को रिलीज होने में अभी 15 दिन का वक्त बचा है और ओम राउत की ये फ़िल्म दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज बनाए हुए हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक शानदार जानकारी सामने आई है, जिसके मुताबिक रिलीज से पहले ही फिल्म प्रॉफिटेबल जोन में कदम रख चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रभास और कृति सेनन की ये फिल्म न सिर्फ हिंदी बल्कि तेलुगु सिनेमा में भी धमाल मचाने की तैयारी में है। ये निर्देशक ओम राउत की पहली और सुपरस्टार प्रभास की एक और पैन इंडिया फिल्म साबित होने वाली है। इसे एक साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम भाषा में रिलीज किया जाने वाला है। अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक तेलुगु राज्यों में थिएट्रिकल रिलीज के लिए फिल्म के राइट्स करोड़ों रुपए में बिके हैं। रिपोर्ट्स में ये आंकड़ा 170 करोड़ का बताया जा रहा है, जो काफी बड़ा है। इसके बाद अब अन्य भाषाओं के राइट्स की बिक्री पर भी लोगों की नजर बनी हुई है। हालांकि, फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सुपरस्टार प्रभास की फिल्म आदि पुरुष 16 जून को सिनेमाघर में रिलीज होने वाली है और इससे पहले दर्शकों में इसकी



जमकर दीवानगी देखने को मिल रही है। बाहुबली स्टार रामायण की इस कहानी को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। प्रभास के पास फिलहाल कई सारे दिलचस्प प्रोजेक्ट मौजूद है, जिस वजह से उन्हें इंडस्ट्री का सबसे बिजी स्टार कहा जाए, तो कोई गलत बात नहीं होगी।

# आशीष विद्यार्थी ने रचाई शादी



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने दूसरी शादी रचा ली है। उन्होनें 60 साल की उम्र में 25 मई गुरुवार को रूपाली बरुआ के साथ कोलकाता में कोर्ट मैरिज कर लिया है। आशीष विद्यार्थी बॉलीवुड के कई फिल्मों में विलेन का किरदार निभा चुके हैं, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। एक्टर ने काफी सादगी से कोलकाता में अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में मैरिज को रजिस्टर्ड करवाया है। शादी की तस्वीरें जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आशीष विद्यार्थी और रूपाली बरुआ एक-दूसरे के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। आशीष ने ऑफ व्हाइट कुर्ता और लुँगी पहन रखा है। वहीं दुल्हन रूपाली व्हाइट शेड साड़ी में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। दोनों ने गले में वरमाला पहना हुआ है। लवस्टोरी के बारे में आशीष ने कहा कि ये बहुत लंबी कहानी है। उन्होनें आगे कहा हम कुछ समय पहले मिले और रिश्ते को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। हम दोनों ही चाहते थे कि शादी अधिक धूम-धाम से ना हो, बस परिवार मौजूद रहें। वहीं रूपाली बरुआ ने आशीष विद्यार्थी को एक खूबसूरत इंसान बताया और कहा वह एक ऐसे शख्स हैं, जिनके साथ मुझे रहना अच्छा लगता है। जानकारी के लिए बता दें कि रूपाली फैशन इंडस्ट्री से ताल्लुख रखती हैं। शीष विद्यार्थी की पहली पत्नी अभिनेत्री राजोशी विद्यार्थी है। लेकिन दोनों ही शादी ज्यादा समय तक नहीं चल पाई और उन्होनें सालों साथ रहने के बाद तलाक लेने का फैसला लिया। राजोशी कई टीवी सीरीयल्स में काम कर चुकी हैं। वह पेशे से गायिका और डांसर भी है। फैन पेज द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में आशीष विद्यार्थी और पत्नी रूपाली बरुआ को पारंपरिक सफेद आउटफिट में देखा जा सकता है. वहीं उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान भी देखने को मिल रही है. इसके अलावा शादी करने के अपने फैसले के बारे में रिएक्शन देते हुए दिग्गज एक्टर ने ईटाइम्स से बात करते हुए कहा मेरे जीवन के इस पड़ाव पर रूपाली से शादी करना एक असाधारण एहसास है.

# प्रेम कहानी का पहला पोस्टर आउट



अपने जन्मदिन के अवसर पर करण जौहर ने खास तरीके से रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का फर्स्ट लुक साझा किया है। फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे। दर्शकों को भी दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने का इंतजार है और अब फर्स्ट लुक ने फैंस के बीच उत्साह को बढ़ा दिया है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी धर्मा प्रोडक्शन के अंतर्गत बनाई गई एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। इसमें ड्रामा के साथ-साथ कॉमेडी का तड़का भी लगाया गया है। करण जौहर की नई फिल्म 28 जुलाई, 2023 को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। सोशल मीडिया पर भी रणवीर और आलिया का लुक जमकर वायरल हो रहा है।आलिया भट्ट एक बार फिर देसी अवतार में नजर आने वाली हैं। चारों पोस्टर में उन्होनें माथे पर बिंदी लगा रखी है। साड़ी में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर सिंह एक बार फिर अपने चुलबुले अंदाज के साथ दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। फिल्म में आलिया भट्ट रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रानी का किरदार निभाने नजर आएंगी। वहीं रणवीर सिंह रॉकी का रोल प्ले कर रहे हैं।आज करण जौहर अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं।

वहीं बॉलीवुड में आए उनके 25 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर उन्होंने अमिताभ बच्चन, काजोल, शाहरुख खान, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रानी मुखर्जी और तमाम स्टार्स की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। कभी अलविदा न कहना, माय नेम की खान, कुछ कुछ होता है कभी खुशी कभी गम और अन्य शानदार फिल्में वह बना चुके हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जिसके लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर करण जौहर भी काफी भावुक हैं क्योंकि वह तकरीबन सात साल बाद निर्देशन की कुर्सी पर बैठे हैं। रॉकी और रानी की रिलीज डेट में भी कई बार बदलाव हो चुका है

# सलमान का लुंगी डांस स्टेज पर बच्चों संग मचाया धमाल



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इस वक्त आईफा इवेंट के चलते सबसे ज्यादा सुर्खियों में बने हुए हैं। अबू धाबी में हो रहे इस अवॉर्ड फंक्शन से कई सारी तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जिनमें सलमान खान का स्वैग देखने लायक है। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की कई सारी वीडियो वक्त सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इन्हीं में से एक ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसमें भाई जान लुंगी डांस करते नजर आ रहे हैं। आईफा के मंच पर सभी सितारों ने शानदार परफॉर्मेंस दी है और यहां पर ढेर सारे बच्चे भी अपने बेहतरीन डांस से सभी का मनोरंजन करते हुए दिखाई दिए। हैरानी तो तब हो गई जब सलमान खान ने स्टेज पर पहुंचकर इन बच्चों के साथ जबरदस्त डांस करना शुरू कर दिया। आइफा 2023 के मंच पर ढेर सारे बच्चों के साथ सलमान खान को धुआंधार परफॉर्म करते हुए देखा गया। सलमान जब भी स्टेज पर परफॉर्म करते हैं, आग लगा देते हैं और इस बार उन्होंने तब धमाल मचा दिया। जब बच्चों के साथ उन्होंने लुंगी लपेटकर जमकर डांस किया। वायरल वीडियो में सलमान खान और बच्चों का जोश देखते ही बन रहा है और अपने शानदार डांस मूव्स से वो हर किसी को दीवाना बना रहे हैं। जिस समय भाईजान ये डांस परफॉर्मेंस दे रहे थे, वहां मौजूद ऑडियंस जमकर हूटिंग करती और ताली बजती नजर आ रही थी और पूरा माहौल खुशनुमा नजर आ रहा था। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से सुपरस्टार को स्टेज पर परफॉर्म करता देख लोग सीटियां बजा रहे थे। हालांकि ये पहली बार नहीं है। इसके पहले जब से अवॉर्ड फंक्शन शुरू हुआ है, अब तक भाईजान के कई सारे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिन पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया है।

# फास्टैग पार्किंग की शुरूआत

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक बैंक के साथ मिल कर फास्टैग सॉल्यूशन की शुरुआत करने के साथ ऑटोमेटेड कार पार्किंग सिस्टम की शुरुआत की है. मंगलवार को फास्टैग पार्किंग सुविधा शुरू होने के बाद अब लोगों को भुगतान करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा, और न ही लंबी लाइनों में खड़ा रहना होगा. फास्टैग पार्किंग भुगतान सुविधा शुरू होने से एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों और उनके परिजनों को काफी सहूलियत होगी. अमौसी एयरपोर्ट के प्रवक्ता रूपेश ने बताया कि फास्टैग भारत की इलेक्ट्रॉनिक टोल प्रणाली है. फास्टैग सेवा यात्रियों को लाभ पहुंचाने की लखनऊ एयरपोर्ट के निरंतर प्रयासों में से एक है. हवाईअड्डा ने फास्टैग विकल्प का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए प्रवेश और निकास पर लेन-2 निर्धारित की है. फास्टैग के साथ वाहनों का आना-जाना तेज होगा. यहां लंबी लाइन नहीं लगेगी और ट्रैफिक जाम भी नहीं होगा. रूपेश ने बताया कि फास्टैग से बड़ा फायदा यह है कि यहां पर नकद लेनदेन की आवश्यकता कम-से-कम हो जाएगी. इससे पार्किंग रसीद का इंतजार करना या प्रवेश या निकास पर नकद या क्रेडिट भुगतान करना खत्म होगा. प्रवेश पर लगा स्कैनर वाहन के फास्टैग को पढ़ेगा और प्रवेश का समय रिकॉर्ड करेगा और



हवाईअड्डे से निकास के समय दोबारा स्कैनर स्कैन कर के पार्किंग शुल्क अपने आप ही काट लेगा. उन्होंने कहा कि फास्टैग से भुगतान करने वाले यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके फास्टैग में बैलेंस हो. बैलेंस नहीं होने पर यात्रियों को दिक्कत होगी. आईसीआईसीआई बैंक के प्रोडक्ट हेड-पेमेंट सॉल्यूशंस एंड कंज्युमर फाइनेंस नीरज ने कहा कि बैंक लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पार्किंग के लिए फास्टैग आधारित भुगतान की शुरुआत कर के बहुत खुश है. एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि एयरपोर्ट प्रबंधन ने उन यात्रियों का भी ध्यान रखा है जो बिना फास्टैग के यात्रा कर रहे हैं. उन यात्रियों के लिए मैनुअल पार्किंग प्रक्रिया है. उन्हें दूसरी लेन से गुजरना होगा जिसमें फास्टैग की सुविधा नहीं होगी.

# दोनों गुटों के नेताओं ने साधी चुप्पी

## खड़गे के बयान का इंतजार

**जयपुर,** सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच सुलह के फार्मूले पर दोनों फिलहाल दोनों गुटों के नेता मौन हैं. गहलोत सरकार के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से जब पूछा कि सुलह का फार्मूला क्या था और क्या सुलह मे देर नहीं हुई. खाचरियावास ने कहा कि राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो फैसला किया हम उसके साथ हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान मजबूत है. सही समय पर सही फैसला किया है. खाचरियावास ने कहा कि सुलह का फार्मूला ऐसा है कि हम मिलकर सरकार बनाएंगे. सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि सचिन पायलट की भूमिका क्या होगी ये आलाकमान को तय करना है. मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसको मैं पूरा कर रहा हूं. गहलोत बोल लोग उन्हें इस बार रिपीट करेंगे. गहलोत बोले कि उनको लगता है इस बार राजस्थान में सरकार रिपीट हो सकती है. इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि हाईकमान के साथ मिलने के बाद कोई सहयोग क्यों नहीं करेगा. विश्वास देकर ही विश्वास जीता जाता है. गहलोत ने कहा कि हाईकमान ने हम पर विश्वास किया है. अगर हम सब मिलकर चलेंगे तो हमारी सरकार आएगी. आज तक पार्टी में वफादारी से रहे हैं और आगे भी रहेंगे. गहलोत ने पायलट का नाम लिए



बिना कहा कि सोनिया गांधी ने एक बार कहा था कि जो धैर्य रखता है उसको कभी न कभी मौका मिलता ही मिलता है. गहलोत ने कहा कि हाईकमान ने हम पर विश्वास किया है. अगर हम सब मिलकर चलेंगे तो हमारी सरकार आएगी. आज तक पार्टी में वफादारी से रहे हैं और आगे भी रहेंगे. गहलोत ने पायलट का नाम लिए बिना कहा कि सोनिया गांधी ने एक बार कहा था कि जो धैर्य रखता है उसको कभी न कभी मौका मिलता ही मिलता है.

# लव स्टोरी में ट्विस्ट

## सनकी ने चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के दिग्घी पंचायत के हरिबेला गांव के एक सनकी प्रेमी अपनी ही प्रेमिका को शादी से इंकार करने पर बेरहमी से चाकू से बुरी तरीके से गोद दिया. इस हमले में प्रेमिका गंभीर रूप से जख्मी हो गई और सड़क पर पड़ी दर्द से तड़पती रही. इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. बताया जाता है आरोपी चंदन का बीते चार-पांच वर्षों से युवती चांदनी से प्रेम प्रसंग चल रहा था. जख्मी लड़की की पहचान बथनाहा थाना क्षेत्र के दिग्घी पंचायत के हरिबेला गांव के विजय साह की पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में की गई है. वहीं आरोपी युवक की पहचान थाना क्षेत्र के दिग्घी पंचायत के हरिबेला गांव निवासी रमेश साह के पुत्र चंदन कुमार के रूप में की गई है. घटना के बाद से आरोपी अपने परिवार के साथ फरार बताया जा रहा है. वहीं, थाना पुलिस आरोपी चंदन को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है. बताया जा रहा है कि दोनों के प्रेम प्रसंग की बात जब परिजनों पता चली तो उनके द्वारा युवती को युवक से मिलने से रोक लगा दी गई. दूसरी ओर चांदनी पर शादी के लिए दबाव बनाया जाने लगा जिसको युवती



द्वारा इनकार किया जाता रहा. इधर, दूसरी ओर इस मामले में ग्रामीण स्तर पर पंचायती कर प्रेमी युगल को एक– दूसरे से अलग रहने की भी हिदायत दी गई थी.

बताया जा रहा है कि इसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका के साथ खींचे अंतरंग फोटो व वीडियो को बीते छः माह पूर्व वायरल कर दिया था. परिजनों ने स्थानीय थाना में मामले को लेकर आवेदन भी दिया था, लेकिन स्थानीय स्तर पर पंचायती कर मामला को सुलझा लिया गया था. हालांकि, इस घटना के बाद प्रेमिका ने अपने प्रेमी से पूर्ण रूप से संबंध तोड़ लिया था.

# मनोरोगी महिला ने पति का घर में किया अंतिम संस्कार

आंध्र प्रदेश में कुर्नूल जिले के पथिकोंडा गांव में एक बुजुर्ग मनोरोगी महिला द्वारा अपने पति का अंतिम संस्कार खुद घर पर ही कर देने का मामला सामने आया है. महिला के पति की बीमारी के कारण मौत हो गई थी और उनके बेटों ने उन्हें कथित रूप से छोड़ दिया था. उनका कोई सामाजिक संपर्क भी नहीं था. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि 2016 से पार्किंसन बीमारी से जूझ रहे हरि कृष्ण प्रसाद (63) की बीमारी के कारण मौत हो गई जिसके बाद उनकी पत्नी ललितम्मा ने सोमवार को कुछ बेकार गत्तों और कपड़ों के साथ उनके शव को जला दिया. ललितम्मा ने अंतिम संस्कार के अनुष्ठान भी करने का प्रयास किया. ललितम्मा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रही हैं. कुर्नूल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कांत ने कहा कि वे (दंपति) अकेले रह रहे थे और कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं था. वे गरीब नहीं हैं. उनके दो बेटे हैं. एक मेडिकवर अस्पताल में काम करता है और दूसरा कनाडा में हैं.

उन्होंने कहा कि दोनों बेटों ने अपने माता-पिता को छोड़ दिया था और संपत्ति को लेकर उनके बीच विवाद है. उन्होंने बताया कि ललितम्मा समाज से कटी हुई हैं और उनकी मदद के लिए वहां कोई नहीं था. इसलिए उन्होंने



पति का अंतिम संस्कार खुद ही कर दिया. कांत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन हर पहलू से जांच के बाद उन्हें किसी साजिश की आशंका नहीं लग रही है.

# एनआईए ने खालिस्तानी आंतकी लखवीर सिंह को बनाया आरोपी

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने लुधियाना जिला अदालत परिसर में बम धमाकों के मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट फाइल कर दी है. जांच एजेंसी ने मूल रूप से पंजाब के मोगा के रहने वाले आतंकी लखवीर सिंह रोडे सहित कुल दो को इसमें आरोपी बनाया है. वो इन दिनों पाकिस्तान में छुपा बैठा है. बताया जा रहा है कि पाकिस्तान स्थित ISYF प्रमुख लखबीर सिंह रोड़े  विस्फोट के पीछे का मास्टरमाइंड है. लखबीर सिंह उर्फ रोडे कथित तौर पर पाकिस्तान में है जहां से उसने पूरे पंजाब में विस्फोट करने के लिए भारत में आईईडी की तस्करी की थी. वह प्रतिबंधित संगठनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन  का प्रमुख है. एनआईए द्वारा की गई जांच से पता चला कि लुधियाना कोर्ट परिसर में विस्फोट करने वाले आईईडी को सीमा पार से रोड द्वारा पंजाब में तस्करी कर लाया गया था. उसने इन आईईडी की तस्करी पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी मलेशिया सहित उनके भारतीय सहयोगियों की मदद से की थी. एनआईए ने सोमवार को लुधियाना कोर्ट कॉम्प्लेक्स बम ब्लास्ट मामले में दो लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की, जिसमें 23 दिसंबर 2021 को एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. चार्जशीट किए गए दूसरे आरोपी अमृतसर जिले के हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को मलेशिया से दिसंबर 2022 में भारत लगाया गया था. उसे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ही गिरफ्तार कर लिया गय गया था. मोहाली की विशेष एनआईए कोर्ट के समक्ष दायर चार्जशीट में दोनों पर आईपीसी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम 1984 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाया गया है. पेश मामले में 23 दिसंबर 2021 को पंजाब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी. इसकी गंभीरता को देखते हुए बाद में एनआईए को जांच सौंप दी गई.

## नई जमानत याचिका दाखिल करें प्रदीप शर्मा-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** एंटीलिया बम कांड और कारोबारी मनसुख हीरेन की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने नई अंतरिम जमानत याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलील पर संज्ञान लिया कि शर्मा इंटरलाक्यूटरी एप्लीकेशन दाखिल किए बिना अंतरिम जमानत की मांग कर रहे हैं। सोमवार को जैसे ही सुनवाई शुरू हुई शर्मा के वकील ने मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की और कहा कि याचिकाकर्ता की पत्नी को सर्जरी के बाद गंभीर परेशानियां हो गई हैं। उन्होंने दावा किया कि शर्मा की पत्नी की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

# लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर की मौत

**इस्लामाबाद,** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के टॉप कमांडर और हाफिज सईद के करीबी अब्दुल सलाम भुट्टावी की पाकिस्तान की जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गई. भुट्टावी पंजाब प्रांत के शेखपुरा जेल में टेरर फंडिंग के मामले में सजा काट रहा था. भुट्टावी को साल 2012 में यूएन ने आतंकी घोषित किया था. 2020 में उसे लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के बहनोई अब्दुल रहमान मक्की के साथ साढ़े 16 साल कैद की सजा सुनाई गई थी. वह 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों की प्लानिंग में भी शामिल था. 26/11 मुंबई हमलों में उसने आतंकियों को ट्रेनिंग दी थी. भारतीय खुफिया एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक अब्दुल सलाम भुट्टावी की जेल में हार्ट अटैक की वजह से मौत हुई है. भुट्टावी पर लश्कर के संस्थापक और आतंकवादी हाफिज सईद के बहनोई के साथ आतंकी वारदातों में शामिल होने का मुकदमा चलाया गया, जिसके बाद अगस्त 2020 में भुट्टावी साढ़े 16 साल की सजा सुनाई गई थी. 2011 में अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने भी भुट्टावी पर आतंकी हमलों के लिए फंड जुटाने और उग्रवादियों की भर्ती करने के आरोप लगाते हुए उस पर पाबंदियां लगा दी थीं. साल 2002 से 2008 के बीच जब हाफिज सईद को पाकिस्तान पुलिस ने हिरासत में लिया था, तब भुट्टावी लश्कर के प्रमुख के तौर पर काम कर रहा था. अब्दुल सलाम भुट्टावी की मौत की घोषणा सोमवार देर रात आतंकी समूह से जुड़े कई संगठनों ने की. भुट्टावी की मौत की भारतीय खुफिया अधिकारियों ने पुष्टि की है.

# भाई ने लगाया पवित्र रिश्ते पर कलंक बहन से रेप

चूरू. राजस्थान के चूरू  जिले के रतनगढ़ थाना इलाके में एक युवक ने अपनी गंदी हरकत से पवित्र रिश्तों का कत्ल कर दिया. इस युवक की हरकत से भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर कलंक लग गया. यहां एक भाई ने अपनी 19 साल की चचेरी बहन के साथ रेप कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया. बाद में उसे वायरल करने की धमकी देकर बहन से बार-बार संबंध बनाए. घटना का पता चलने पर परिवार सदमे में डूब गया. अंततः पीड़िता ने हिम्मत कर अपनी मां को आपबीती बताई. उसके बाद सदमे में आई मां ने जैसे तैसे करके खुद को और बेटी को संभाला. बाद में मां बेटी को लेकर रतनगढ़ पुलिस थाने पहुंची. वहां उसने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया. रतनगढ़ पुलिस ने बताया कि इलाके के एक गांव की 19 वर्षीय युवती ने अपनी मां के साथ थाने में उपस्थित होकर भाई के खिलाफ रिपोर्ट दी है. उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके ताऊ का बेटा पड़ोस मे रहता है. वह उस पर गंदी नजर रखता था. पीड़िता ने बताया कि वह बीते 12 दिसंबर 2021 की रात अपने घर की छत पर बने कमरे में सो रही थी. इस दौरान उसका भाई वहां पर आया और उसके साथ रेप किया. आरोपी भाई ने इस दौरान उसका अश्लील विडियो बना लिया. इसके साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी. उसके बाद वह उस गंदे वीडियो के दम पर उसे ब्लैकमेल करने लग गया. ब्लैकमेलिंग के जरिए आरोपी भाई ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया. लेकिन वह लोकलाज के कारण चुप रही. पीड़िता ने बताया कि वह हाल ही में 22 मई 2023 को दवा लेने के लिए रतनगढ़ आई थी. इस दौरान भाई ने उसे बार-बार फोन करके परेशान किया.

# पीएम ने जारी किया 75 रुपये का सिक्का

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मई को लोकसभा में नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान एक विशेष डाक टिकट के साथ 75 रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का भी जारी किया। वित्त मंत्रालय ने एक 75 रुपये का सिक्का बनाया है। जो 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में जारी किया गया था। यह सिक्का जनरल सर्कुलेशन के लिए नहीं है। इस तरह के स्मारक सिक्कों का लेनदेन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यानी इससे कोई खरीदारी नहीं की जा सकती है। इस तरह के सिक्के किसी खास मौके पर जारी किए जाते हैं।  1964 के बाद से अब तक इस तरह के 150 कॉइन जारी किए जा चुके हैं। स्मारक सिक्के लेन-देन में उपयोग नहीं किए जाते क्योंकि वे व्यापक उपयोग के लिए नहीं होते हैं। इसके अलावा, क्योंकि 75 रुपये के सिक्के के आधे हिस्से (50 प्रतिशत) में चांदी शामिल है, जिसके कारण सिक्के का धात्विक मूल्य उसके कानूनी मूल्य से अधिक है। यदि आप स्मारक सिक्के खरीदना चाहते हैं तो सिक्योरिटीज ऑफ प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर जाएं। अभी तक, 75 रु. का सिक्का वेबसाइट पर सूचीबद्ध नहीं है। लेकिन इस प्रकार के सिक्कों को यहां से आसानी से खरीदा जा सकता है। बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार अकेले सामग्री की कीमत कम से कम 1,300 रुपये है। इस मुद्रा को किस कीमत पर खरीदा जा सकता है, यह जानने के लिए किसी को अतिरिक्त सरकारी सूचना का इंतजार करना होगा। 2011 का सिक्का अधिनियम संघीय सरकार को सिक्के बनाने का अधिकार देता है।

# भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजा बृहस्पति से 13 गुना बड़ा एलियन ग्रह

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद के प्रोफेसर अभिजीत चक्रवर्ती की अगुआई में अंतरष्ट्रीय टीम ने एक एलियन गृह की खोज की है. इसका आकार, बृहस्पति ग्रह से 13 गुना बड़ा है. भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अमेरिका के वैज्ञानिकों वाली टीम ने ग्रह के द्रव्यमान को सटीक रूप से मापने के लिए माउंट आबू में गुरुशिखर वेधशाला में स्वदेशी पीआरएल उन्नत रेडियल-वेग अबू-स्काई सर्च स्पेक्ट्रोग्राफ का उपयोग किया. इस एलियन ग्रह का द्रव्यमान 14 g/cm3 बताया जा रहा है. मालूम हो कि भारत के पीआरएल वैज्ञानिकों द्वारा खोजा गया यह तीसरा एक्सोप्लैनेट है. इसका विस्तृत विवरण खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पत्र पत्रिका में प्रकाशित किया गया है. नया खोजा गया ग्रह TOI4603 या HD 245134 नामक एक तारे की परिक्रमा करता है. नासा ने पहले इस स्टार को अज्ञात प्रकृति वाला घोषित किया था. लेकिन अब इसके ग्रह होने की पुष्टि कर दी गई है और इसे TOI 4603b या HD 245134b नाम दिया गया है. यह ग्रह पृथ्वी से 731 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और हर 7.24 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा करता है. ग्रह 1396 डिग्री सेल्सियस के तापमान के साथ बहुत गर्म है. इसरो ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि इस खोज को जो अलग करता है वह यह है कि ग्रह बड़े विशाल ग्रहों और कम द्रव्यमान वाले भूरे



बौनों की ट्रांजिशन द्रव्यमान सीमा में आता है. बताया गया कि इसका द्रव्यमान बृहस्पति के द्रव्यमान का 11 से 16 गुना तक है. वहीं जीवन की खोज में अभी तक 5000 से ज्यादा एक्सोप्लेनेट ढूंढे जा चुके हैं. जिनकी अलग-अलग प्रकृति, गुण और वातावरण सभी भिन्न हैं. लेकिन खोजे गए नए एक्सोप्लेनेट TOI 4603b के द्रव्यमान श्रेणी वाले सिर्फ पांच ही ज्ञात एक्सोप्लैनेट हैं. यह एक्सोप्लेनेट अपने मेजबान से सूर्य-पृथ्वी की दूरी के 1/10 भाग की दूरी पर स्थित है.

# 12 जून को बैठक में 24 पार्टियां होंगी शामिल

अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष दल इकट्ठा होने वाले है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सभी विपक्ष पार्टियों को मनाया जा रहा है। विपक्ष दल 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए पटना में एक बैठक होने वाली है। जनता दल यूनाइटेड ने 12 जून को विपक्ष दलों की एक अहम बैठक बुलाई है। संभावना जताई जा रही है कि इस मीटिंग में 24 विपक्ष दल शामिल हो सकते है। बता दें कि पहले 18 पदों के साथ आगामी चुनाव पर चर्चा की गई। अब बाकी बचे हुए दलों से आने वो दिनों में विचार विमर्श किया जाएगा। इसी कड़ी में क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। टाइम्स नाउ के मुताबिक, जेडीयू नेता ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विभिन्न दलों के बीच लंबे समय बातचीत चल रही है। अगले महीने 12 जून को पटना में 24 राजनीतिक दलों की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि जेडीयू 18 दलों के साथ चर्चा कर चुका है। आने वाले दिनों में बाकी के 6 दलों के साथ बातचीत होने वाली है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष के साझा उम्मीदवार के विचार को समर्थन दिया है। ममता ने कर्नाटक चुनाव में जीत पर कांग्रेस को बधाई दी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों से लोकसभा में बड़े पैमाने पर सांसद भेजते हैं। लेकिन इस समय सबसे बड़ी चुनौती सीटों का बंटवारा है। इसको लेकर योजना बनाई जा रही है जो सभी का रास आए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों को लेकर प्रतिक्रिया दी है। चिदंबरम ने कहा कि हम करीब 450 सीटों पर एक विपक्षी उम्मीदवार के प्रस्ताव पर काम कर रहे है। इस योजना पर काम किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस की अपनी राज्य इकाइयां होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार



के खिलाफ आप पार्टी के पक्ष में कांग्रेस सहित विपक्ष की एकता का विचार पंजाब और दिल्ली इकाइयों के लिए बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। अरविंद केजरीवाल की 10 साल पुरानी पार्टी से चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। विपक्ष एकता को लेकर नीतीश कुमार की पिछली बैठकों के बाद एक सवाल सामने आया था कि क्या वे बीजेपी का मुकाबला करने के लिए कार्यप्रणाली पर आम सहमति बनाने में सक्षम है। इसके साथ ही विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर सवाल अटक जाता है। हालांकि जेडीयू ने साफ कर दिया है कि सीट बंटवारे के फॉर्मूले और पीएम चेहरे के दावेदार की परवाह नहीं करते है। उनका लक्ष्य भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ सभी विपक्ष दलों को एक जुट करना है और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को रोकना है।लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक साझा उम्मीदवार का विचार बिखरे विपक्ष में अपनी जगह तेजी से बना रहा है। जनता दल यूनाइटेड जेडीयू ने 12 जून को पटना में विपक्ष दलों की एक अहम बैठक बुलाई है। इस मीटिंग में 24 विपक्ष दल शामिल होने की संभावना है।

# बॉडी को शेप में रखने के लिए बेस्ट हैं ये फ्लोर वर्कआउट्स

**शायद** ही कोई ऐसा व्यक्ति हो, जिसे फिट रहना पसंद न हो और जब आपके आसपास एकदम फिट लोग हों तब तो उनकी तरह दिखने की चाहत और ज्यादा बढ़ जाती है। लेकिन फिट रहना और उसे लंबे समय तक मेंटेन करके रखना इतना भी आसान नहीं होता। डाइट के साथ-साथ एक्सरसाइज पर भी बराबर काम करना होता है। एक्सरसाइज को लेकर लोगों के मन में ये ही सोच है कि ये तो जिम जाकर ही पॉसिबल है। घर में बिना इक्विपमेंट के क्या ही वर्कआउट कर पाएंगे। तो ऐसे लोगों के लिए आज हम लेकर आए हैं फ्लोर एक्सरसाइजेस मतलब जमीन पर बिना किसी उपकरण की जाने वाली एक्सरसाइजेस। इन वर्कआउट्स के जरिए आप न सिर्फ शरीर का फैट कम कर सकेंगे, बल्कि आप दिनभर एक्टिव भी रहेंगे। अगर आपका वजन तेजी से धीरे-धीरे बढ़ रहा है, तो फ्लोर एक्सरसाइज़ करके आप अपनी बॉडी को शेप में ला सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में...

**लंजेस :-** शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों के वजन को कम करने के लिए लंजेस एक्सरसाइज करना काफी अच्छा ऑप्शन है। इसे करना भी बेहद आसान है। रोजाना लंजेस प्रैक्टिस करने से शरीर के निचले हिस्सों में मौजूद फैट कम होने लगता है। कमर को पतला करने के लिए, फ्लैट टमी और थाइज़ के फैट को कम करने के लिए लंजेस को जरूर ट्राई करें।

**प्लैंकः-** अगर आप फ्लैट टमी और एब्स जल्द से जल्द चाहते हैं, तो प्लैंक को अपने डेली वर्कआउट रूटीन में शामिल करें। रोजाना प्लैंक करने से कई नॉर्मल एक्सरसाइज से भी ज्यादा कैलरी बर्न होती है, जिससे आप आसानी से फिटनेस मेंटेन कर पाते हैं।



**पुश अप्सः-** फिट रहने के लिए घर पर वर्कआउट करना हो या जिम जाकर, पुश अप्स आपके वर्कआउट प्लान का एक जरूरी हिस्सा होता है। यह एक्सरसाइज शरीर का वजन कम करने के साथ-साथ मसल्स बिल्ड करने और स्ट्रेंथ बढ़ाने में भी मदद करता है। फिट रखने के लिए यह बहुत ही अच्छी फ्लोर एक्सरसाइज है।

**माउंटेन क्लाइंबर : -** लेग्स के एक्स्टा फैट को कम करने के लिए माउंटेन क्लाइंबर एक अच्छी फ्लोर एक्सरसाइज है, जिसकी मदद से थाइज और काफ दोनों हिस्सों में मौजूद फैट को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही साथ रोजाना माउंटेन क्लाइंबर प्रैक्टिस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है।

**डंकी किक्स :-** थाइज और हिप्स के एक्स्ट्रा फैट को कम करने के लिए डंकी किक्स वर्कआउट अच्छा ऑप्शन हो सकता है। नियमित रूप से डंकी किक्स की प्रैक्टिस करने से हिप्स और थाइज की मांसपेशियां मजबूत होने लग जाती हैं और फैट कम होने लगता है। हिप्स और थाइज के साइज कम करने में ये एक्सरसाइज है बेहद फायदेमंद।

# निर्जला एकादशी
## शालिग्राम भगवान की पूजा से प्रसन्न होंगे श्रीहरि

**पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत 30 मई को दोपहर 01 बजकर 07 मिनट पर हो जाएगा और इस तिथि का समापन 31 मई दोपहर 01 बजकर 45 मिनट पर हो जाएगा। निर्जला एकादशी व्रत 31 मई 2023, बुधवार के दिन रखा जाएगा। साथ ही एकादशी व्रत का पारण 01 जून को सुबह 05 बजकर 24 मिनट से सुबह 08 बजकर 10 मिनट के बीच किया जा सकेगा।**

**हिंदू** धर्म में निर्जला एकादशी व्रत को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी पूजा हेतु रखा जाता है। इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना करने से जीवन में सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष निर्जला एकादशी व्रत 31 मई 2023, बुधवार के दिन रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि निर्जला एकादशी व्रत रखने से साधक को सभी 24 एकादशी व्रतों का फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि निर्जला एकादशी के दिन शालिग्राम भगवान की उपासना करने से साधक को सुख, समृद्धि एवं भाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आइए जानते हैं, किस विधि से करनी चाहिए शालिग्राम भगवान की पूजा

इस विधि से करें निर्जला एकादशी के दिन शालिग्राम भगवान की पूजा।

हिंदू पंचांग में अबताया गया है कि निर्जला एकादशी व्रत के दिन 3 शुभ संयोग का निर्माण हो रहा है। बता दें कि 31 मई के दिन हस्त नक्षत्र का निर्माण हो रहा है जो सुबह 06 बजे तक रहेगा। वहीं इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का निर्माण हो रहा है जो सुबह 05 बजकर 24 मिनट से सुबह 06 बजे तक रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र में इन दोनों योग को मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ बताया गया है।

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत 30 मई को दोपहर 01 बजकर 07 मिनट पर हो जाएगा और इस तिथि का समापन 31 मई दोपहर 01 बजकर 45 मिनट पर हो जाएगा। उदया तिथि के अनुसार, निर्जला एकादशी व्रत 31 मई 2023, बुधवार के दिन रखा जाएगा। साथ ही एकादशी व्रत का पारण 01 जून को सुबह 05 बजकर 24 मिनट से सुबह 08 बजकर 10 मिनट के बीच किया जा सकेगा। हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति निर्जला एकादशी के दिन बिना अन्न-जल ग्रहण किए यह कठोर उपवास रखता है, उन्हें सभी 24 एकादशी व्रतों का फल प्राप्त होता है। साथ ही इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना करने से जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं और साधक को धन, ऐश्वर्य, सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

निर्जला एकादशी के दिन स्नान-ध्यान के बाद। साफ वस्त्र धारण करें, हो सके तो इस दिन पीले रंग का वस्त्र पहनें। इसके बाद पूजा-स्थल को अच्छी तरह साफ करें और एक दीपक प्रज्वलित कर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद पूजा स्थल पर शालिग्राम भगवान को स्थापित करें और भगवान शालिग्राम को पंचामृत से स्नान कराएं। स्नान के बाद इसके बाद उन्हें चंदन, मिश्री इत्यादि अर्पित करें। पूजा के दौरान शालिग्राम भगवान को 108 तुलसी के पत्र जरूर करें। फिर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें और आरती के बाद पूजा संपन्न करें।

**निर्जला एकादशी पर शालिग्राम भगवान की पूजा का महत्व :-**शास्त्रों में बताया गया है कि घर में शालिग्राम भगवान की स्थापना करने से समस्त दुखों का नाश होता है और साधक को जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। बता दें कि शालिग्राम श्याम रंग के शिलाओं को कहा गया है, जो विशेष रूप से गंडकी नदी के तट पर पाए जाते हैं। इनका आकार शिवलिंग जैसा ही होता है। सनातन धर्म में शालिग्राम को भगवान विष्णु का स्वरूप



मानकर पूजा जाता है। वैष्णव संप्रदाय के लोगों के घर में शालिग्राम भगवान आवश्य स्थापित होते हैं। शास्त्रों में यह भी बताया गया शालिग्राम भगवान की उपासना करने से घर एवं परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ता है और नकारात्मक पहुंचा नष्ट हो जाती है। साथ ही भगवान विष्णु की कृपा साधक पर सदैव बनी रहती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ तुलसी की पूजा का भी विधान है. शास्त्रों में कहा गया है भगवान विष्णु की पूजा तुलसी के बिना अधूरी मानी जाती है. ऐसे में इस दिन तुलसी के उपाय आपको जीवन की सभी सुख-सुविधाएं प्रदान कर सकती हैं.

# खरबूजे के बीज
## सेहत के लिए गुणों का खजाना हैं

**गर्मियों** का मौसम आते ही मार्केट में कई सारे मौसमी फल भी मिलने लगते हैं। यह फल न सिर्फ हमें सेहतमंद रखते हैं, बल्कि गर्मी से शरीर में होने वाली पानी की कमी से भी बचाते हैं। खरबूजा इन्हीं मौसमी फलों में से एक है, जो अपने कई गुणों के कारण से हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। खरबूजे से होने वाले फायदों के बारे में तो आप सब जानते ही होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके बीज भी हमारी सेहत के लिए गुणकारी होते हैं। यही वजह है कि कई लोग घरों में खरबूजा खाने के बाद इनके बीजों को भी इस्तेमाल में लाते हैं। छोटे से दिखने वाले खरबूजा के यह बीज सेहत के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो इसके फेंक देते हैं या फिर बिना इसके गुणों को जाने इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, तो चलिए जानते हैं इसके कुछ हैरान कर देने वाले फायदों के बारे में-

**ब्लड प्रेशर कम करे :-** पोटैशियम से भरपूर खरबूजे के बीज ब्लड प्रेशर की समस्या में काफी गुणकारी होते हैं। अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, तो खरबूजे के बीज आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। दरअसल, पोटैशियम युक्त आहार ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में बीज के सेवन से न सिर्फ ब्लड प्रेशर कम होता है, बल्कि दिल की सेहत की बेहतर होती है और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है।

**इम्युनिटी बूस्ट करे :-**खरबूजे के बीज में विटामिन-सी भी भारी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में अगर आप इसका सेवन करते हैं, तो इससे आपको अपनी इम्युनिटी बूस्ट करने में काफी मदद मिलती है। दरअसल, खरबूजे के बीज खून में व्हाइट ब्लड सेल्स संख्या बढ़ाते हैं, जिससे इम्युनिटी बेहतर हो सकती है।

**आंखों को रखे सुरक्षित :-**विटामिन ए और बीटा कैरोटीन से भरपूर खरबूजे के बीज हमारी आंखों के



लिए भी काफी लाभकारी होते हैं। अगर आप नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे मोतियाबिंद के खतरे को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही यह आपकी आंखों की रोशनी को तेज करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए फायदेमंदः-** खरबूजे के बीजों में फोलेट की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो शरीर में मौजूद अतिरिक्त सोडियम को हटाने में मददगार होती है। ऐसे में इनके सेवन से गर्भवती महिलाओं में वॉटर रिटेशन की समस्या कम होती है। हालांकि, प्रेग्नेंसी के दौरान इसे खाने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**नाखून और बालों के लिए गुणकारी :-** सेहत के साथ ही खरबूजे का बीज बालों और नाखून के लिए लाभकारी होते हैं। इसमें पाए जाने वाले हाई प्रोटीन, टिश्यूज के विकास में मददगार होते हैं। इसके अलावा वह बालों और नाखून के प्रोटीन को भी बढ़ावा देता है।

# जून मास में उल्टी चाल चलेंगे शनि इन राशियों को बरतनी होगी सतर्कता

**ज्योतिष शास्त्र** में बताया गया है कि शनि देव कर्म के अनुसार साधक को फल प्रदान करते हैं। लेकिन राशियों पर पड़ने वाला प्रभाव शनि ग्रह की चाल पर निर्भर करता है। शनि ग्रह यदि किसी की कुंडली में प्रबल स्थिति में हैं तो जातक को सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है, वहीं शनि के कुदृष्टि के कारण व्यक्ति क कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बता दें कि इस वर्ष 17 जून को रात्रि 10 बजकर 56 मिनट पर वक्री अवस्था में चले जाएंगे। शनि वक्री का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा। लेकिन 4 राशियां ऐसी हैं, जिन्हें इस अवधि में सर्वाधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**मेष राशिः-** शनि वक्री की अवधि में मेष राशि के जातकों को अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। साथ ही स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को भी इस अवधि में अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस दौरान छोटी गलती भी बड़ा नुकसान कर सकती है।



**कर्क राशिः-** शनि वक्री का अशुभ प्रभाव कर्क राशि के जातकों पर भी पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस अवधि में कर्क राशि की कुंडली में शनि ढैय्या चल रही है, जिसके कारण छोटी गलती का बड़ा दुष्परिणाम हो सकता है। व्यापार क्षेत्र में निवेश न करने की सलाह दी जाती है, नुकसान की संभावना अधिक है।

**तुला राशिः-** तुला राशि के जातकों को शनि वक्री के कारण कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में मानसिक तनाव में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस अवधि में माता जी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। छात्रों के लिए भी या समय अनुकूल नहीं माना जा रहा है।

**कुंभ राशिः-** शनि वक्री की अवधि में कुंभ राशि के जातकों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस दौरान मानसिक तनाव में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं काम का दबाव भी बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# पाचन से लेकर हड्डियों की सेहत के लिए फायदेमंद है खसखस

**खसखस** देखने में काफी छोटा होता है, लेकिन सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद। आप इसका इस्तेमाल इनका उपयोग मीठे और नमकीन व्यंजनों में कर सकते हैं। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ पोषक सेहत से भरपूर होता है। खसखस दिल को स्वस्थ रखने के साथ पाचन के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। आइए हम खसखस के फायदों के बारे में और भी बहुत कुछ जानेंगे और इसे डाइट में शामिल करने के तरीकों के बारे में भी बताएंगे। **खसखस में पाए जाने वाले पोषक तत्वः-** खसखस पोषक तत्वों का खजाना है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैंगनीज, थायमिन जैसे तत्व पाए जाते हैं। जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करते हैं।

**दिल की सेहत के लिए :-**खसखस पोटैशियम से भरपूर होता है। यह हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ दिल से जुड़ी बीमारियों को कम करने में मदद करता है। जिन लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्या है, उन्हें अपनी डाइट में खसखस जरूर शामिल करना चाहिए। पाचन में सुधार कर सकता है खसखस फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत है। जो मल त्याग को आसान बनाता है और कब्ज को रोकने में मददगार है। पेट से जुड़ी समस्या से राहत पाने के लिए खसखस सेवन करें।

**हड्डियां बनती हैं मजबूत :-**खसखस में कैल्शियम भरपूर होता है। जिसकी वजह से यह हड्डियों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। इसके अलावा यह दांतों के लिए भी लाभकारी है।

**दर्द से राहत दिलाने में मददगारः -**खसखस में ऐसे गुण होते हैं, जो दर्द को कम करने में सहायक है।

**सलाद टॉपिंगसः-**लाजवाब स्वाद के लिए आप सलाद



पर खसखस का पाउडर छिड़क सकते हैं। इसे स्ट्रॉबेरी या पालक के सलाद में जरूर शामिल करें।

**मसाले :-**खसखस का इस्तेमाल व्यंजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए मसाले के रूप में भी किया जा सकता है। स्वादिष्ट करी के लिए क्रीमी पेस्ट बनाने के लिए खसखस का आमतौर पर प्रयोग किया जाता है।आप खसखस का इस्तेमाल कर हलवा, रोल या केक भी बना सकते हैं। उनके कपड़ों को केमिकल वाले डिटर्जेंट पाउडर से धोने के बजाय ऑर्गेनिक चीजों से तैयार किए गए क्लिंजर का इस्तेमाल करें। अपने घर में हवा में नमी जोड़ने के लिए ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें। तापमान या कठोर मौसम की स्थिति में अपने बच्चे की त्वचा को उजागर करने से बचें।

## आर्थिक तंगी से है परेशान तो जानें कुछ तरीके

**सनातन धर्म** में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन पूजा, जप, तप और दान किया जाता है। हिन्दू पचांग के अनुसार हर महीने में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अगले दिन पूर्णिमा तिथि पड़ती है। इस प्रकार ज्येष्ठ महीने में पूर्णिमा 3 जून को है। इस दिन पूर्णिमा का व्रत रखा जाएगा। इसके अगले दिन यानी 4 जून को स्नान-ध्यान और दान किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा-उपासना करने से साधक को सभी सुखों की प्राप्ति होती है। पूर्णिमा के दिन विशेष उपाय भी किए जाते हैं। अगर आप भी आर्थिक तंगी से परेशान हैं, तो ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन ये चीजें जरूर घर लाएं।

**घर ले आएं कछुआः-** पूर्णिमा तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि कूर्म, भगवान विष्णु के अवतार हैं। चिरकाल में समुद्र मंथन कराने के लिए कूर्म यानी कछुआ अवतार लिया था। अतः पूर्णिमा तिथि पर कछुआ घर लाना बेहद शुभ होता है। इसे घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें। एक चीज का ध्यान रखें कि कछुए में कोई न कोई धातु अवश्य लगी होनी चाहिए। घर में कछुआ रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। साथ ही घर में सुख और समृद्धि आती है।



**चांदी की मछली ले आएंः-**अगर आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर चांदी की मछली की प्रतिमा घर ले आएं। जगत के पालनहार भगवान विष्णु के दस अवतारों में से पहला अवतार मत्स्य यानी मछली है। अतः पूर्णिमा तिथि पर मछली की प्रतिमा घर ले आएं और घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें।

**हाथी की प्रतिमा ले आएं :-** सनातन धर्म में गजानन यानी गणपति जी की पूजा-उपासना सबसे पहले की जाती है। हाथी को धन का प्रतीक माना जाता है। हाथी की पूजा करने से मां लक्ष्मी और गणेश जी प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से घर में सुख और समृद्धि आती है। अगर आप आर्थिक तंगी को दूर करना चाहते हैं तो पूर्णिमा तिथि पर हाथी की प्रतिमा घर ले आएं।

## 6 साल तक मां की लाश के साथ रहा शख्स

**एक** ऐसी ही कहानी सामने आई है, जिसमें एक शख्स अपनी मां के मृत शरीर के साथ दो-चार महीने नहीं, बल्कि कुल 6 साल तक रहा. ऐसी कई कहानियां आपने सुनी होंगी, जिसमें सगे-संबंधियों के शव के साथ लोग सालों बिता देते हैं. हालांकि इस कहानी में थोड़ा ट्विस्ट है और वो ये है कि शख्स ने ऐसा दुख या सदमे में नहीं किया बल्कि अपने स्वार्थ की वजह से किया.

**पैसे के लिए नहीं किया अंतिम संस्कारः-**

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक महिला का नाम हेल्गा मारिया हेंगबर्थ था. उसकी मौत होने के 6 साल बाद तक उसके बेटे ने मां की लाश को घर में ही रखा और उसके साथ जीता रहा. पड़ोसियों को उसने बताया कि मां जर्मनी में अपने घर चली गई है, लेकिन वो मर चुकी थी. शख्स इसलिए ऐसा कर रहा था क्योंकि वो मरी हुई मां के नाम की पेंशन उठा रहा था. 6 सालों में उसने करीब 1 करोड़ 59 लाख रुपये से भी ज्यादा रुपये मां के शव से ही हासिल कर लिए.जब हेल्गा ने पिछले 6 सालों में अपने हेल्थ कार्ड से कुछ भी क्लेम नहीं किया, तो इटैलियन अधिकारियों को शक हुआ. उन्होंने घर पर जब रेड डाली तो 60 साल का बेटा वहां नहीं था लेकिन पुलिस को बिस्तर पर लपेटी और पैक की हुई डेड बॉडी मिली, जो हेल्गा की थी. ऑटोप्सी के बाद पता चला कि हेल्गा 6 साल पहले ही मर चुकी थी.

# अजीब है इनकी परंपरा
## मोटे होने के लिए खून पीते यहां के लोग

दुनिया में हर शख्स पतला होना चाहता है. इसके लिए वह तमाम तरह के जतन करता है, लेकिन धरती पर एक जगह ऐसी भी है जहां मोटा होना ताकत की निशानी माना जाता है. यहां सेहतमंद होने के लिए लोग दूध में खून मिलाकर पीते हैं और सबसे मोटे-तगड़े शख्स को हीरो का दर्जा दिया जाता है. वही शासन करता है. ओमो वैली में रहने वाली बोदी जनजाति की कहानी किसी रोमांचकारी फिल्म से कम नहीं. इन्हें मूल रूप से इथियोपिया का निवासी माना जाता है. इनके यहां एक खास तरह की प्रतियोगिता होती है, जिसे कैल करते हैं. इसी के जरिये सबसे मोटे व्यक्ति का चयन किया जाता है और अंत में वही नायक चुना जाता है. उसी पर समाज को सही दिशा निर्देश देने की जिम्मेदारी होती है. डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक प्रतियोगिता में सिर्फ अवविाहित पुरुष ही हिस्सा ले पाते हैं. उन्हें 6 महीने तक एक अलग कमरे में रखा जाता है. खूब खाने-पीने का सामान दिया जाता है ताकि वे मोटे हो सकें. क्योंकि इनका मानना है कि इससे वे जल्दी मोटे हो जाएंगे. इस दौरान फिजिकल रिलेशन बनाने की अनुमति नहीं है. पूरे छह महीने तक हर पुरुष को यही खाना दिया जाता है.



# जुगार माफियाओं और अवैध धंधों का गढ़ बना ठाणे शहर !

## स्थानीय पुलिस स्टेशन से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त, उपायुक्त एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय तक शिकायत पत्र देने के बाद भी नहीं होती कार्यवाई ?

## कन्हेरी व अंजूर में चल रहा दिन-रात जुगार !

## स्थानीय पुलिस अधिकारीयों की जानकारी में दिन रात चलाये जा रहे जुगार क्लब!

## जुगार माफियाओं के मनमानी से जनता त्रस्त

## स्थानीय आमदार श्री रईस कासम शेख द्वारा जुगार के खिलाफ विधानसभा मे आवाज उठाने के बाद भी नही बंद हुवा जुगार ?



श्री. सी आर काकडे ( व.पु.नि. )
भिवंडी शहर पोलीस ठाणे



श्री. एम. एम. बल्लाल ( व.पु.नि. )
नारपोली पोलीस ठाणे

**भिवंडी ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय के भिवंडी शहर में अवैध रूप से चल रहे जुगार के धंधों पर आखिर कब तक चुप्पी साधकर बैठे रहेंगे ठाणे पुलिस आयुक्त.? ठाणे पुलिस और जुगार माफियाओं का आंख मिचौली का खेल कब खत्म होगा ऐसी चर्चा ठाणे के भिवंडी शहर के रहिवासियों में है। आपको बता दें कि ठाणे जिले में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्य विमूढ़ है। ऐसा लगता है कि अपने देश में बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की चाशनी में ऐसा नहाया हुआ है कि उसे हमाम के साबुन से कितना भी नहलाओ लेकिन वो निकलने वाला नहीं है। अब तो पुलिस प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। मटके और जुगार के धंधे में पुलिस प्रशासन की हिस्सेदारी ये दर्शाता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही पुलिस प्रशासन को.? सामाजिक संगठनों द्वारा की गई शिकायत और द रेड स्टार न्यूज़ अखबार में न्यूज देने के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध होने के बावजूद ठाणे के भिवंडी शहर क्षेत्र में जुगार का धंधा पुलिस की नाक के सामने बड़े पैमाने पर दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारी संगठन, पत्रकार एवं जागरूक प्रतिनिधियों द्वारा द रेड स्टार न्यूज़ कार्यालय में मिल रही शिकायत के अनुशार जुगार माफिया एवं उसकी टीम द्वारा बड़े पैमाने पर जुगार का धंधा भिवंडी सिटी पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में धामनकर नाका कन्हेरी के पास पारसिक बैंक एवं डाक्टर अनुष्खा शर्मा आँख क्लीनिक के सामने जिम के निचे शाहीद आरफ द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारीयों की जानकारी में दिन-रात जुगार का धंधा चलाया जा रहा है. वहीं दूसरा जुगार नारपोली पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में ओल्ड मुंबई आगरा रोड पर अँजुर स्थिति कांचवाली बिल्डिंग हरिधरा शोपिंग कम्प्लेक्स में सिंधुदुर्ग बार के ऊपर पांडुरंग म्हात्रे का जुगार क्लब दिन-रात चलाया जा रहा है। उक्त जुगार क्लब में प्लास्टिक क्वाइन के माध्यम से आने वाले ग्राहकों के साथ हेराफेरी भी किया जाता है। स्थानीय पुलिस स्टेशन की भूमिका संदिग्ध होने के कारण कोई भी व्यापारी इन जुगार मफ़ियाओं से पंगा नहीं लेना चाहता। स्थानीय रहिवासियों एवं व्यापारियों ने न्यूज़ कार्यालय पर दूरसंचार के माध्यम से शिकायत करके कथित जुगार माफियाओं पर सख्त कार्यवाई के साथ साथ तड़ीपार करने की अपील की है। इस शिकायत पर न्यूज़ कार्यालय द्वारा लिखित रूप से स्थानीय पुलिस स्टेशन व पुलिस उपायुक्त एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय ठाणे में की गयी है। अब देखना है कि पुलिस जुगार के धंधे पर कब कार्यवाई करती है? या जुगार के माध्यम से लूटने वाले जुगार माफियाओं को संरक्षण प्रदान करती है.?

## निर्मल नगर पुलिस स्टेशन अन्तर्गत खुला मटका जुगार अड्डा !

**खार पूर्व,** राज्य में तो भ्रष्टाचार चरम पर है, यहां का शासन प्रशासन इतना करप्ट है कि मौत के सौदागरों से भी हप्ता लेकर आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करती है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में झटपट लाटरी, मटका जुगार व अवैध ड्रग्स कारोबार पर रोक लगा रखी है, परंतु शासन प्रशासन के आंख के नीचे अवैध कारोबारी एवं जुगार माफिया सक्रिय हैं, वही द रेड स्टार न्यूज़ पेपर द्वारा बार बार खबर प्रकाशित करने के बावजूद लगता है कि महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस तथा संबंधित अधिकारी जुगार माफियाओ के आगे नतमस्तक हो गये है। महाराष्ट्र के हर जिले व शहर में मटका जुगार व अवैध कारोबार का ही बोलबाला है। यहाँ बताते चले कि अवैध कारोबारियों एवं जुगार माफियाओ की इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि वो लोगों की जिंदगियों से भी खिलवाड़ करने में नहीं हिचकते ? महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस चाहे जितना भी भ्रष्टाचार पर भाषण देते रहे परंतु इनके भाषण पर प्रशानिक अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां प्रदेश के हर कोने में अवैध धंधे व जुगार माफियाओं की भरमार है, इसी तरह स्थानीय रहिवाशियो द्वारा खबर मिली है कि परिमंडल 08 के निर्मल नगर पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र के अलग अलग परिसर में सुरेश पालखी द्वारा खार रेलवे ब्रिज के सामने की गली में, विट्ठल अन्ना द्वारा बहराम पाइप लाइन के अन्दर सीबू बार के पिछे एवं उमेश अन्ना द्वारा स्थानीय पुलिस स्टेशन से कुछ मीटर की दुरी पर मच्छी मार्किट के पास मटका जुगार बोंल-गेम, शोरट, तितली-कबूतर, जन्ना-मन्ना, चक्री, अन्दर बाहर, गुड़-गुड़ी, पताड़ा, मेंन स्टार-लाइन एवं 20-25 राइटरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जुगार का व्यवसाय स्थानीय गुंडों, मवालियों व शराबियो के जमावड़ो को साथ लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गुमराह करके देर रात तक जुगार चलाया जा रहा है? उक्त मामले में स्थानीय रहिवाशियो व शिकायतकर्ताओं ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि जुगार के उक्त रैकेट को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में साइबर सेल व क्राइम ब्रांच से संयुक्त जाँच कराकर एवं जुगार चलाने वाले सभी जुगार माफियाओं को तड़ीपार कर क्षेत्र में अमन शांति कायम करने में समाजसेवी संस्थाओं एवं रहिवासियों की मदत करें ..

### जुगार माफियाओं से साँठ गाँठ करके मुख्यमंत्री व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को कूड़ेदान में डालती निर्मल नगर पुलिस ?



विवेक फणसळकर : आयुक्त मुंबई पुलिस



## पुलिस की मिलीभगत से जुगार माफियाओं के हौसले बुलंद

## वागले पुलिस स्टेशन की नाक के नीचे दिन रात चल रहे जुगार क्लब ?



**ठाणे,** ठाणे पुलिस और जुगार माफियाओं का आंख मिचौली का खेल कब खत्म होगा ऐसी चर्चा वागले इस्टेट के रहिवासियों में है। आपको बता दें कि वागले इस्टेट में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्य विमूढ़ है। ऐसा लगता है कि अपने देश में बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। सामाजिक संगठनों द्वारा की गई शिकायत और द रेड स्टार न्यूज़ अखबार में न्यूज प्रकाशित के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध होने के बावजूद ठाणे के वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र में जुगार का धंधा पुलिस की नाक के निचे बड़े पैमाने पर दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय व्यापारी संगठन, पत्रकार एवं जागरूक प्रतिनिधियों द्वारा द रेड स्टार न्यूज़ कार्यालय में मिल रही शिकायत के अनुशार जुगार माफिया एवं सहयोगियों द्वारा मनोरंजन के नाम से जुगार चलाया जा रहा है, **पहला :** तीन हाथ नाका पर कृष्ण विलास होटल के सामने सुलभ शौचालय के बाजू की गली इंटर नेटी माल के पास कच्ची चिट्ठी के साथ दर्जन-भर राइटरो के माध्यम से मटका जुगार, **दूसरा :** ESIC रोड पर रामचंद्र नगर में हैदराबाद बब्रियानी के अंदर ऊपर महलिये पर, **तीसरा :** चाय वाले एवं राजश्री लाटरी के बीच के गाले में, **चौथा :** अम्बिका नगर बिट क्रमांक 01 के पीछे रोड पर वाचनालय के सामने गुरु इंजीनियरिंग वर्क के पास जोकियो के माध्यम से मनोरंजन की आड़ में 03 पत्ता, 21 पत्ता, 27 पत्ता के जुगार क्लब खुलेआम दिन रात चलाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस स्टेशन की भूमिका संदिग्ध होने के कारण कोई भी व्यापारी उक्त जुगार मफ़ियाओं से पंगा नहीं लेना चाहता। स्थानीय रहिवासियों एवं व्यापारियों ने न्यूज़ कार्यालय पर दूरसंचार के माध्यम से शिकायत करके कथित जुगार माफियाओं पर सख्त कार्यवाई के साथ साथ तड़ीपार करने की अपील की है। इस शिकायत पर न्यूज़ कार्यालय द्वारा लिखित रूप से स्थानीय वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन, पुलिस उपायुक्त परिमंडल 05 एवं पुलिस आयुक्त कार्यालय ठाणे में की गयी है। अब देखना है कि पुलिस जुगार के धंधे पर कब कार्यवाई करती है.? या जुगार के माध्यम से लूटने वाले जुगार माफियाओं को संरक्षण प्रदान करती है.?